
## आज गुरूपूर्णिमा




सही क्या है गलत क्या है ये सबक पढ़ाते हैं, झूठ क्या है और सच क्या है ये बात समझाते हैं, जब सूझता नहीं कुछ भी हमको, तब राहों को सरल बनाते हैं गुरु

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 173- ● जबलपुर ● शनिवार, 24 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


# महाराष्ट्र में भारी बारिश, 136 की मौत, एमपी भी खतरे में

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। बरसात से बने हालात और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 136 हो गई है। रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों में आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया। इधर शुक्रवार को पुणे मंडल में बचाव दल ने 84,452 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उनमें 40 हजार से ज्यादा कोल्हापुर जिले से हैं। अधिकारियों ने कहा कि कोल्हापुर शहर के पास पंचगंगा नदी 2019 में आई बाढ़ के स्तर से ऊपर बह रही है। पुणे और कोल्हापुर के साथ मंडल में सांगली और सतारा जिले आते हैं। वर्षा और भूस्खलन से सतारा काफी प्रभावित हुआ है।

### सतारा जिले के लिए रेड अलर्ट जारी

प्रदेश आपदा प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 38 लोगों की मृत्यु रायगढ़ जिले में भूस्खलन से हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने शुक्रवार शाम सतारा जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वह अगले 24 घंटे में जिले



के पर्वतीय घाट इलाके में भारी बरसात होने की संभावना जताई है।भूस्खलन के बाद करीब 30 लोग लापता हैं। प्रदेश में बारिश से राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल नहीं है। मौसम विभाग ने 6 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों के लिए रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों में भारी बारिश की संभावना को व्यक्त किया है। सबसे ज्यादा मौते रायगढ़ और सतारा जिलों में हुई है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के अलावा कई लोग बाढ़ में बह गए। रायगढ़ जिले में गुरुवार शाम महाड़ तहसील के तलाई गांव के पास भूस्खलन हुआ है। सतारा ग्रामीण के अंबेघर और मीरगांव गावों में गुरुवार रात भूस्खलन के चलते आठ मकान जमींदोज हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने किसी की मौत की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों ने रत्नागिरी जिले में भूस्खलन होने के बाद मलबे में दस लोगों के फंसे होने की बात कही है। बाढ़ से 54 गांव प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए तथा राज्य विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देगा।

## खतरे के निशान से ढाई मीटर ऊपर ताप्ती



**बुरहानपुर/जैनाबाद/धाबा।** लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जिलेभर में रुक-रुककर तेज व रिमझिम बारिश हुई। बारिश से पूरा इलाका तरबतर हो गया वहीं विभिन्न नदियों में बाढ़ आ गई। क्षेत्र की जीवनदायिनी ताप्ती नदी ने गुरुवार से रौद्र रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार शाम सात बजे ताप्ती खतरे के निशान 220.800 मीटर के करीब ढाई मीटर ऊपर 223.400 मीटर पर बही। लगातार बढ़ते पानी ने ताप्ती के सभी तटों और मंदिरों को जलमग्न कर दिया जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए अधिकारियों और होमगार्ड जवानों को तैनात किया। शुक्रवार को भी ताप्ती के राजघाट, नागझिरी घाट, सतियारा घाट आदि में पुलिस व अन्य अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

## क्विक अपडेट



### आदिवासी छात्र का गाना, सिंगर बादशाह ने बुलाया चंडीगढ़

**सुकमा।** जाने मेरी जानेमन बचपन का प्यार, गाना आज हर इंटरनेट मीडिया के प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड हो रहा है। बड़े से बड़े सिलेब्रेटी उस गाने पर वीडियो बना रहे हैं और वो गाना गाने वाला लड़का सुकमा जिले के उरमापाल का रहने वाला है। गाने की लोकप्रियता को देखते हुए बॉलीवुड सिंगर बादशाह ने उस लड़के को चंडीगढ़ बुलाया है। छिंदगढ़ ब्लॉक का छोटा सा गांव उरमापाल ब्लॉक मुख्यालय से सात किमी दूर है।

### 27 जुलाई को भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन 27 जुलाई को भारत दौरे पर आ रहे हैं। वह दो दिनों तक 27 और 28 जुलाई को भारत की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन 27 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर भारत पहुंचेंगे। इस दौरान ब्लिंकन, पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री, अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस जयशंकर से से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनाव के बाद और ब्लिंकन के अमेरिकी विदेश मंत्री का पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी।

### पोर्न नहीं इरोटिक फिल्में बनाते थे राज कुंद्रा, शिल्पा शेट्टी ने कहा

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी ने पति का बचाव किया खबरों की मानें तो पुलिस यह जांच कर रही है कि शिल्पा शेट्टी को उनके पति के अश्लील फिल्म कारोबार से कथित तौर पर जुड़े होने की जानकारी थी या नहीं। पुलिस की एक टीम उनके बंगले पर गई थी, जो कि वहां पर करीब पांच घंटे से ज्यादा समय तक रही। इसी बीच शिल्पा ने एक बयान दिया है जो सुर्खियों में बना हुआ है। शिल्पा ने यह दावा किया है कि राज कुंद्रा के एप हॉटशॉट पर उपलब्ध फिल्मों में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर मौदूज दूसरी फिल्मों से कम अश्लीलता है। इसके लिए उन्होंने अदाहरण भी दिए और कहा- ये अश्लील नहीं बल्कि इरोटिका फिल्मस हैं।

# भारत में बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन जल्द

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर भारत में ढलान की ओर है। लेकिन इस दौरान कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर विशेषज्ञों ने सर्तक करना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हम निर्देशों का पालन करेंगे, तो तीसरी लहर के प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना की तीसरी में बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस बीच राहत भरी खबर यह है कि अगले कुछ महीनों में भारत को बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन मिल सकती है। एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने इसकी जानकारी दी है। अमेरिका में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, वहां अब तक लगभग 40 लाख बच्चे कोरोना महामारी की चपेट में आ चुके हैं। हालांकि, भारत में अभी बच्चों में कोरोना संक्रमण की दर बेहद कम आंकी गई है। अभी तक ये राहत की बात है। इस बीच जब शुक्रवार को डॉक्टर गुलेरिया से बच्चों की वैक्सीन की प्रोग्रेस को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया, भारत बायोटेक द्वारा कोवैक्सीन टीके का परीक्षण अभी बच्चों पर किया जा रहा है। अभी ये ट्रायल चल रहा है और इसके सितंबर महीने तक पूरे होने की उम्मीद है। सितंबर माह में इस वैक्सीन के ट्रायल के नतीजे घोषित हो सकते हैं। अगर इस वैक्सीन के नतीजे सकारात्मक होते हैं, तो जल्द ही भारत में बच्चों को वैक्सीन लगाने की घोषणा की जा सकती है।



### राहत की खबर अब जल्द रूप नहीं बदलेगा कोरोना

वायरसकोरोना वायरस संक्रमण को लेकर आने वाला समय थोड़ा राहत भरा हो सकता है। डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने अनुमान जताया कि आने वाले महीनों में कोरोना वायरस नाटकीय अंदाज में म्यूटेट नहीं होगा। साथ ही दोहराया कि तीसरी लहर इस बात पर निर्भर करेगी कि लोग कैसा व्यवहार करते हैं। कोविड अनुकूल व्यवहार से तीसरी लहर को टाला जा सकता है और उसकी गंभीरता भी कम की जा सकती है। डा. गुलेरिया ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में आए सीरो सर्वे के मुताबिक, दो तिहाई आबादी में समुचित मात्रा में रोग प्रतिरोधक क्षमता है। इसके बावजूद जब तक ज्यादातर लोगों का टीकाकरण नहीं होता, भीड़ में जाने और गैर-जरूरी यात्रा से बचना चाहिए। जहां अब भी ज्यादा मामले आ रहे हैं।



### जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी, चार घायल, तीन की हालत गंभीर

**मुरैना।** मुरैना जिले के क्वारी विंडवा इलाके में एक परिवार में जमीन जायदाद को लेकर विवाद चल रहा था। आज सुबह परिवार के सदस्यों के बीच गोलीबारी हो गई। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं। जिसमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं खबर है कि गंभीर घायलों को इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में द हशत है। यहां भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। लोगों ने बताया कि यह रंजिश अभी और भयावह हो सकती है।

# घाटी में 22 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

## फर्जी बंदूक लाइसेंस मामले में हुई कार्रवाई



**श्रीनगर।** फर्जी बंदूक लाइसेंस मामले में सीबीआई ने शनिवार को प्रदेश में बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले से जुड़े 22 ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें से 12 ठिकाने केवल कश्मीर घाटी के हैं। यह जांच सीबीआई चंडीगढ़ शाखा द्वारा की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि श्रीनगर में एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर में 22 स्थानों पर व्यापक छापे मारे, जिसमें कश्मीर में 12 स्थान और जम्मू क्षेत्र में 10 स्थान शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि यह छापेमारी 2018 में सीबीआई को सौंपे गए फर्जी बंदूक लाइसेंस मामले के सिलसिले में की गई।इस मामले की जांच पहले राजस्थान के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने की थी। वहीं गैर-जम्मू-कश्मीर निवासियों को दिए गए फर्जी बंदूक लाइसेंस के बारे में चौंकाने वाले खुलासे के बाद इसे सीबीआई को सौंप दिया गया था। एटीएस ने पाया था कि जाली दस्तावेजों पर उधमपुर, डोडा, रामबन और कुपवाड़ा जिलों में गैर-जम्मू-कश्मीर निवासियों को 40,000 फर्जी बंदूक लाइसेंस जारी किए गए थे। प्रारंभिक जांच से पता चला था कि एक आईएएस अधिकारी ने गैर-जम्मू-कश्मीर निवासियों को बड़ी संख्या में फर्जी बंदूक लाइसेंस जारी किए थे, जब वह उपायुक्त के रूप में तैनात थे।

## फर्जी आइएएस बनकर रांची में रह रही थी कटनी की युवती!



**रांची।** रांची में कटनी के बड़वारा निवासी एक युवती को पुलिस ने पकड़ा है। 20 से 25 दिन पहले मोनिका रांची शिफ्ट हुई थी। उसने मकान किराए पर लिया। मकान मालिक व पड़ोसियों को उसने बताया था कि असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में वह जमशेदपुर में पदस्थ है। लेकिन, लगातार वह यहीं रह रही थी, मकान मालिक को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछने पर बताया था कि उसकी छुट्टी चल रही, इसलिए वह जमशेदपुर नहीं जा रही थी। शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद अरगोड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मोनिका को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ करने पर भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने मोनिका के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। मोनिका के पिता कटनी में हेडमास्टर हैं जबकि मां सरकारी विभाग में क्लर्क हैं। मोनिका का परिवार बड़वारा, कटनी का रहने वाला है।

# जहां ज्ञान है, वहीं पूर्णिमा-गुरूपूर्णिमा पर बोले पीएम

## राष्ट्रपति ने लगाया बोधिवृक्ष का पौधा, भाजपा ने मंडल स्तर पर मनाई गुरूपूर्णिमा

**नई दिल्ली।** अषाढ़ गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पीएम मोदी ने देशवासियों को बधाई दी। आज पूरी दुनिया की भगवान बुद्ध में आस्था है। जहां ज्ञान है वहीं पूर्णिमा है। पीएम मोदी ने कहा कि ज्ञान संस्कार का प्रतीक है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया आप सभी को धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस और आषाढ़ पूर्णिमा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आज हम गुरु-पूर्णिमा भी मनाते हैं, और आज के ही दिन भगवान बुद्ध ने बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद अपना पहला ज्ञान संसार को दिया था। उधर राष्ट्रपति कोविंद ने आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर सभी गुरुजनों को बधाई दी। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि बुद्ध ने जीवन के सभी पहलुओं में नैतिकता और संयम के साथ रहने का संदेश दिया है। उनके



इस संदेश में सार्वभौमिक करुणा और अहिंसा झलकती है इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में पवित्र बोधि वृक्ष का पौधा लगाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी और मिनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं।

### गृहमंत्री शाह ने गुरुजनों को किया नमन

वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरु पूर्णिमा पर सभी गुरुजनों को नमन किया। गृहमंत्री शाह ने भी ट्विटर के जरिए गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।शाह ने ट्वीट किया गुरु एक शिक्षक ही नहीं बल्कि अपने ज्ञान से शिष्य के सभी दोषों को दूर कर हर संकट से बाहर निकालने वाला मार्गदर्शक भी होता है।

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी इस बार गुरूपूर्णिमा को मंडल स्तर पर भी मना रहीं है। सभी राज्यों को निर्देश दिये गये हैं।



### न्यायाधीश के फर्जी हस्ताक्षर से दो बंदियों को करा लिया रिहा

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा की जिला जेल में निरुद्ध दो बंदियों को न्यायाधीश के फर्जी हस्ताक्षर से जमानत पर रिहा करा लिया गया। पॉक्सो एक्ट के इन आरोपियों को रिहा कराने के लिए न्यायालय के ही एक लिपिक ने फर्जी आदेश बनाए। मामला संज्ञान में आने पर जिला जज ने जांच कराई तो लिपिक दोषी पाया गया। अब रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## दो आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि दोनों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। मुठभेड़ में तीन घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। सूत्रों ने बताया कि बांदीपोरा के सोकबाबा वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

## मीराबाई चानू ने जीता सिल्वर




**टोक्यो।** टोक्यो ओलिंपिक्स के पहले ही दिन भारत का खाता खुल गया है। मीरबाई चानू ने 49 किलो ग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। इस तरह भारत के इतिहास में वेटलिफ्टिंग में पदक जीतने वाली वे दूसरी महिला बन गई हैं। ओलिंपिक के इतिहास में यह भारत का पांचवां सिल्वर मेडल है। इससे पहले भारत ने शनिवार को चीनी ताइपे को हराकर तीरंदाजी मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव ने चीनी ताइपे की चिह-चुन तांग और चिया-एन के खिलाफ 5-3 से जीत दर्ज की। इसी तरह सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेन्स फाइनल इवेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया। यहां भी एक पदक तो पक्का हो गया है। भारत की दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव ओलिंपिक में मिक्स्ड टीम इवेंट में हिस्सा लेने वाले पहले तीरंदाज हैं। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और इनका आत्मविश्वास दिखा रहा है कि भारत गोल्ड का बड़ा दावेदार है।

### बस भिड़ीं, एक की मौत

**देवास।** नेशनल हाइवे पर इंदौर से मक्सी की ओर जाते वक्त ग्राम चिडावद के समीप टोंकखुर्द थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो स्लीपर बस में टक्कर हो गई। घटना में एक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इंदौर से ग्वालियर गुना रूट पर चलने वाली अशोका ट्रैवल्स की बस को सिमरन ट्रैवल्स की बस ने पीछे से टक्कर मार दी।

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर को किसी को भी हिरासत में लेने का अधिकार




**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने एक नोटिफिकेशन जारी की है। उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को 18 अक्तूबर तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत किसी को भी हिरासत में लेने का अधिकार दिया है। राज्यपाल का यह आदेश स्वतंत्रता दिवस से पहले आए हैं। आपको बता दें कि कोई व्यक्ति देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा होता है तो उसे महीनों तक एहतियातन हिरासत में रखा जा सकता है। वहीं, दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह नियमित आदेश हैं।






# एक दो नहीं पूरे 125 शिक्षक हैं एमपी के इस गांव में

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले का छोटा-सा गांव बंभाड़ा पूरे जिले में शिक्षकों के गांव के नाम से जाना जाता है। करीब आठ हजार की आबादी वाले इस गांव में करीब 125 शिक्षक मौजूद हैं। इनमें से 50 शिक्षक गांव के ही स्कूलों में सेवा दे रहे हैं तो 75 शिक्षक बुरहानपुर सहित अन्य जिलों में शिक्षा का उजियारा फैला रहे हैं। गांव के सरपंच और जनपद सदस्य अशोक महाजन ने बताया कि इस गांव की ख्याति पूरे जिले में है। गांव में वर्तमान में जितने भी शिक्षक स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, वे इसी गांव के निवासी हैं। सभी का एक ही सपना है कि शिक्षा के ज्ञान के प्रकाश से कोई भी वंचित न रहे। यही कारण है कि गांव का साक्षरता प्रतिशत भी 95 है। कोई तीन पीढ़ियों से, तो कोई पूरा परिवार ही शिक्षकगांव के प्रधान पाठक कैलाश राउत ने बताया कि उनके परिवार में तीन



पीढ़ी से स्वजन शिक्षक बनकर शिक्षा का उजियारा फैला रहे हैं। पिता व दादा भी शिक्षक रहे हैं। वहीं गांव के 88 वर्षीय प्रहलाद बाजीराव पाटिल के परिवार में वे खुद शिक्षक है। उनकी पत्नी, बेटा अमर और बहू ज्योति भी शिक्षक है। मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमर पाटिल ने बताया कि मुझे गर्व है कि मैं बंभाड़ा से हूं। हमारे गांव में शिक्षा उजियारा फैलाने के लिए सभी संकल्पबद्ध है। छोटा भाई डा. रविकिरण पाटिल और उनकी पत्नी वैशाली पाटिल भी शिक्षक है।

### दे रहे संस्कारित शिक्षा, पर्यावरण से भी जोड़ा

44 साल से पढ़ा रहे रहे प्रधान पाठक सुरेश राउत का कहना है कि गांव की माटी में पले-बढ़े सभी शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारित शिक्षा दे रहे हैं। पर्यावरण से भी सभी को जोड़ रहे हैं। प्रतिवर्ष पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

## फिर बढ़ा संक्रमण: देश में पिछले 24 घंटे के दौरान मिले 39 हजार से ज्यादा नए मामले



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा है। किसी दिन मामले घट जाते हैं तो किसी भी अचानक नए केस सामने आ जाते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कुल 39 हजार 97 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि 546 लोगों ने जान गंवा दी। बता दें कि देश में अब कुल संक्रमितों की संख्या 3,13,32,159 हो चुकी है, जिनमें 3,05,03,166 मरीज ठीक हो गए। इस वक्त देश में 4,08,977 मरीज कोरोना से संक्रमित हैं, जबकि कुल मौत का आंकड़ा 4,20,016 पहुंच चुका है। राहत की बात यह है कि देश में अब तक 42,78,82,261 लोगों को कोरोना वैक्सीन लग चुकी है।

# श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाई जा रही गुरू पूर्णिमा









आचार्यश्री से केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने लिया आशीर्वाद




**जबलपुर,यशभारत।** आज सर्वत्र गुरू पूर्णिमा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जा रही है। सुबह से ही मंदिरों, सिद्ध स्थानों, गुरूओं के दरबारों में भक्तों की भारी भीड़ का नजारा था। भक्तगणों द्वारा पादुका पूजन भजन, कीर्तन, भंडारा, प्रसादी वितरण का आयोजन कर गुरूओं से आर्शीवाद प्राप्त किया जा रहा है। हिन्दू धर्म में गुरु पूर्णिमा का विशेष दिन माना जाता है। देश भर में आज आषाण-गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है। इस दिन अगर आप गंगा स्नान के बाद दान पूण्य का कार्य करते हैं तो यह आपके जीवन में शुभ फलदायी माना जाता है। इस तिथि को लेकर ऐसा माना जाता है कि इसी दिन आषाढ़ पूर्णिमा पर ही वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। इन के जन्म दिन के उपलक्ष्य पर ही सदियों से गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन की परंपरा चली आ रही है। इस वजह से इस दिन को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

गुरु पूर्णिमा के दिन जो भी व्यक्ति विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना करता है तो उसे शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस खास दिन प्रीति और आयुष्मान योग में किए गए कार्यों में सफलता हासिल होती है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्नेह नगर स्थित कुटी में प्रातः जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज जी की पादुका पूजन भक्तों ने किया गया। उसके पश्चात जगदगुरू सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य की शिष्यों द्वारा पादुका पूजन, कन्या पूजन, गुरु दर्शन, पौधारोपण और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। आज से ही स्वामी राघव देवाचार्य जी का गुरु पूर्णिमा से चातुर्मास व्रत प्रारंभ हुआ जो की इस वर्ष जगदगुरू रामभद्राचार्य जी के आशीर्वाद व अनुसार स्नेह नगर स्थित कुटी में नियम व्रत व अनुशठान के साथ पूर्ण होगा। श्री श्री राघव देवाचार्य जी का पूजन संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा किया गया उपस्थित पंडित धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा काशी प्रसाद तिवारी अनिल दुबे शशांक श्री आदि उपस्थित थे।

गीताधाम ग्वारीघाट और नरसिंह मंदिर शास्त्रीब्रिज गोरखपुर में गुरूपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नरसिंह मंदिर में सुबह 8 बजे से दादा गुरु साकेतवासी स्वामी रामचंद्रदास शास्त्री व साकेतवासी जगदुरु डॉ. स्वामी श्यामदेवाचार्य महाराज का पादुका पूजन स्वामी नरसिंहदास महाराज के सानिध्य में किया गया। इसके पश्चात 11~30 बजे तक स्वामी नरसिंहदास महाराज के शिष्यों द्वारा गुरुपूजन कार्यक्रम शुरू हुआ।

ज्योतिष साधना केंद्र सरस्वती कॉलोनी में नगर पंडित सभा के अध्यक्ष आचार्य वासुदेव शास्त्री पंडित राजीव कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक आचार्यों के गुरु पूजन से हुआ इसके पश्चात धार्मिक अनुष्ठान शाम तक चलते रहेंगे

इसी तरह भारत सेवाश्रम संघ राइट टाउन में स्वामी प्रणवानंद महाराज का पादुका पूजन एवं हवन यज्ञ आदि कार्यक्रम स्वामी भु देवानंद के सानिध्य में किए गए। भोले कुटी आश्रम, सिद्ध गणेश मंदिर ,भक्ति धाम आश्रम ,श्री दत्त भजन मंडल ,दादा दरबार सेवा समिति , संत रविदास मंच, ज्योतिष संस्थान न्यू जगदंबा कॉलोनी ,गुरु रविदास धाम ,कैलाश धाम, काली धाम भटोली परशुरामध्धम आदि जगह गुरु पूर्णिमा महोत्सव में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। शंकराचार्य मठ बगलामुखी मंदिर में गुरु पादुका पूजन किया गया। इसी तरह समन्वय सेवा केंद्र में ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज की पादु गांव का पूजन महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर आनंद गिरि महाराज के मार्गदर्शन में किया गया।

समर्थ सद्गुरु परिवार नर्मदा भक्त प्रेमी शिष्य मंडल समर्थ सदगुरु भैयाजी सरकार दादा गुरु के प्रति अनूठी आस्था श्रद्धा को प्रगट करते हैं महोत्सव समर्थ सिद्ध महासाधना के साथ अखंड रामधुन संकीर्तन देववृक्षमूर्तियों से निर्मित समर्थ पंचवटी मां नर्मदा अमृत कलश की 24 घंटे परिक्रमा प्रारम्भ हुई साथ ही सिद्ध घाट तिलवारा तीर्थ क्षेत्र मेडिकल विक्टोरिया में नर्मदा परिक्रमावासी असहाय पीड़ित जनों को भोजन प्रसादी एवं संकीर्तन मंडल मातृ शक्ति को वस्त्र नर्मदा मिशन परिवार ने वितरित करते हुए आस्था को प्रगट किया। **फोटो: अशोक, बबलू**

## नर्मदा पंचकोसी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा



जबलपुर । चार्तुमास के अंतर्गत चार माह हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश के साथ तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण हनुमान जी महाराज की एक साथ 108 परीकमा आसाढ़ पूणिमा में प्रातः 7 बजे से की गई। भंडारा के साथ बद्रीनाथ से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। गुरु पुरिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक सवामी रामचन्द्र दास जी महाराज के साथ उत्सव मनाया गया। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल संकीर्तन आचार्य पंडित मनमोहन दुबे आदि मौजूद रहे।

## शिष्य के अंदर के ज्ञान को गुरु लाते हैं ऊपर

**जबलपुर,यशभारत।** श्रीमदआचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज ने दयोदय तीर्थ तिलवाराघाट में गुरुपूर्णिमा पर मंगल प्रवचन में कहा कि जिस तरह से दूध के अंदर घी रहता है और मथने पर ऊपर आ जाता पर इससे दूध को कोई कष्ट नहीं होता,उसी तरह से गुरू भी अपने शिष्य के अंदर का ज्ञान इसी तरह से बाहर लाता है पर गुरू को यह अभिमान नहीं रहता भले ही शिष्य कितने भी ऊपर न पहुंच जाए। इसके पूर्व आज सुबह केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल ने आचार्य श्री आचार्य के दर्शन प्राप्त किए एवं आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके सचिव राहुल जैन, सूरत से पधारे राजा भैया भी मौजूद रहे।दयोदय तीर्थ गौशाला में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते संक्षिप्त प्रवचन के उपरांत। आहार चर्या सुबह 9:30 प्रारंभ हुई। समाज के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सीमित संख्या में श्रद्धालु प्रात~ 8:30 बजे आचार्य श्री के दर्शन लाभ ले सकते हैं। उसके पश्चात दयोदय गौशाला में श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित है। श्री दि जैन संरक्षिणी सभा, पूर्णायु, प्रतिभास्थली, दयोदय तीर्थगौशाला, श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा जबलपुर, सकल जैन समाज जबलपुर एवं नगर की सभी जैन संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित किया।

श्रीमदआचार्य श्री विद्यासागर एवं मुनिश्री निरोग सागर महाराज, मुनिश्री निरामय सागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज, मुनिश्री शीतल सागर महाराज का पावन वर्षायोग चातुर्मास के लिए शुक्रवार को मंगल प्रवेश संस्कारधानी जबलपुर की पावनधरा पूर्णायु दयोदय तीर्थ तिलवाराघाट पर शुक्रवार की संध्या 4:45 पर पर हुआ। आचार्य श्री की संघ आगवानी गाजेबाजे के साथ की गई। प्रातः आचार्य श्री की आहार चर्या महाराष्ट्र नंदुरबार से पधारे श्रद्धालु परिवार के यहां सुबह डगडगा ग्राम में संपन्न हुई। रोहतक से आये विवेक जैन एवं अरविंद जैन ने आचार्य श्री को शास्त्र अर्पित किये। दोपहर 2 बजे डगडगा से विहार के दौरान देवजी नेत्रालय के समीप डॉ पवन स्थापक एवं शहर के गणमान्य चिकित्सकों ने आचार्य श्री की आरती उतारी।

आचार्य श्री के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्यवस्थित श्रृंखला बनाकर रोड के दोनों तरफ खड़े होकर दर्शन लाभ लिए, इस दौरान विधायक संजय यादव, विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री शरद जैन, केंद्र सरकार पर्यटन मंत्रालय के सचिव राहुल जैन, तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभात, मुंबई एवं सूरत से आए राजा भैया ने आचार्य श्री के दर्शन प्राप्त किए एवं आशीर्वाद लिया।





## ओएफके में ओ टी का बहिष्कार

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया फैक्ट्री के अनुभाग एफ-8के कर्मचारियों ने पर्याप्त ओवर टाइम नहीं दिये जाने के विरोध और चेंज रूम मे पानी भरा होने से काम के अनुरूप सुविधा उपलब्ध न कराने के कारण आज शनिवार को आक्रोश जताते हुए ओवर टाइम का बहिष्कार कर दिया। कामगार यूनियन के राजेंद्र चराडिया के अनुसार पर्याप्त काम होने के बाबजूद प्रबंधन कर्मचारियों के काम के घंटे नहीं बढा रहा है।अभी तक साप्ताहिक पौने45 घंटे काम कराया जा रहा था।कर्मचारियों ने जब विरोध जताया तो साप्ताहिक घंटे48करने के लिए अनुभाग प्रमुख तैयार हुए।लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि कम से कम साप्ताहिक घंटे51किये जाएं।लेकिन प्रबंधन इसे मानने तैयार नहीं है।जिसका विरोध करते हुए सभी कर्मचारियों ने आज शनिवार को दिये गए ओवर टाइम पर असंतोष जताते हुए इसका विरोध करते हुए दोपहर बाद ओवर टाइम छो?कर सभी अपने घर चले गए।इसी के साथ आरोप है कि प्रबंधन काम के अनुरूप वातावरण उपलब्ध कराने में असफल है।थोडी सी बरसात में एफ-8के बिल्डिंग नंबर115जहां उत्पादन होता है उस बिल्डिंग के चेंज रूम में पानी भर गया है जिसे निकालने की व्यवस्था नहीं की गई।बताया गया कि उत्पादन के लिए विशेष परिधान पहनना होते हैं।जहां कर्मचारी चेंज रूम में घर से पहन कर आये कपडों को बदलता है।लेकिन चेंज रूम में पानी भरा होने से कर्मचारी उत्पादन के लिए विशेष परिधान नहीं पहन सके।लिहाजा आज शनिवार को ओवर टाइम का बहिष्कार कर दिया।

**प्रबंधन का कहना अमानी अर्जित करो**

## एक्सरे किरण स्पेक्ट्रोस्कोपी की उपयोगिता पर व्याख्यान

## भौतिकी में 11, कम्प्यूटर विज्ञान में 06 शोध पत्र



**जबलपुर।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के भौतिक विज्ञान संकाय द्वारा दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद प्रोफेसर गौतम दासगुप्ता ने बीज वक्तव्य उद्बोधन ''कंप्यूटिंग इस्पेक्ट्रम इवेंट्स'' विषय पर प्रस्तुत किया। उन्होंने प्राकृतिक, मानवीय, औद्योगिक आपदाओं में मानव जाति की रक्षा एवं जन-धन हानि को कम करने के लिए कंप्यूटिंग तकनीक के उपयोग पर प्रकाश डाला। इस तकनीकी सत्र के अध्यक्ष डॉ. कलोल दास थे। तत् पश्चात् प्रथम तकनीकी सत्र में टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के भौतिकी विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कलोल मुकर्जी ने पल्सर के विकास एवं उनके अध्ययन में एक्स-किरण स्पेक्ट्रोस्कोपी की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद चौतन्य ने की। परिसंवाद के प्रथम दिवस में दो विषयों भौतिकी तथा कंप्यूटर विज्ञान में शोध पत्रों की प्रस्तुति की गयी, जिसके अंतर्गत भौतिकी में 11 एवं कंप्यूटर विज्ञान में 06 शोध कर्ताओं ने शोध-पत्र प्रस्तुति दी।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फ वलन अरासु , परिसंवाद की संयोजिका एवं डीन भौतिक विज्ञान संकाय डॉ. मीता दरबारी गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मंदिरा कार ने सहभागिता दी।

## कोरोना से बचाव पर निबंध पोस्टर स्पर्धा



**जबलपुर यशभारत।** वाहन निर्माणी जबलपुर में राजभाषा हिंदी के समुचित प्रचार प्रसार के लिए विविध कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में कोरोना महामारी की संभावित तीसरी लहर से बचाव विषय पर निर्माणी के कार्मिकों के लिए निबंध प्रतियोगिता एवं उनके बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उक्त प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने बहुत उत्साह से सहभागिता की। निर्माणी के महाप्रबंधक अतुल गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों सचिन कुमार एस के दुबे मंसूर अली के साथ बच्चों में मास्टर वैभव दुबे, सात्विक दुबे, सुश्री श्रद्धा दुबे, तनिष्क नौगरहिया, आयुष कुमार एवं सुश्री अंशिका लालवानी को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मनोज कुमार मौर्य/संयुक्त महाप्रबंधक शैलेन्द्र सिंह मोहन कुमार साहू उपस्थित रहे।

## कोरोना गाइड लाइन के पालन के साथ 26 से खुलेंगे 11वीं व 12वीं के स्कूल व हॉस्टल

### बंद रहेंगी प्रार्थना सभा व सामूहिक गतिविधियां

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने 26 जुलाई से 11वीं व 12वीं कक्षाओं के स्कूल स्टूडेंट्स की 50 फीसदी भौतिक उपस्थिति के साथ खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। जबकि सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टॉफ शत-प्रतिशत उपस्थित होंगे। विद्यालय में प्रार्थना सभा, स्वीमिंग पूल इत्यादि सामूहिक गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। विभाग ने सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में विद्यार्थी एक स्थान पर एकत्रित न हो इस बात की विशेष निगरानी रखी जाये। यदि विद्यालय द्वारा परिवहन सुविधा का प्रबंधन किया जा रहा है तो, बसों, अन्य परिवहन वाहनों में समुचित भौतिक दूरी सुनिश्चित करते हुए 50 प्रतिशत क्षमता से चलाई जाएगी। 9वीं व 10वीं की कक्षाएं व 12वीं के लिए कोचिंग सेंटर 5 अगस्त से शुरू किए जाएंगे। विभाग ने कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों, कर्मचारियों का प्राथमिकता के आधार पर वेक्सिनेशन कराने के लिए कहा गया है। इस सबके साथ ही पालकों की लिखित सहमति से ही विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित हो सकेंगे।

#### ऐसा होगा विद्यालयों को प्रारंभ करने हेतु केलेण्डर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 26 जुलाई से 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कक्षा 11वीं एवं 12वीं के स्कूल सप्ताह में 2 दिन खुलेंगे। कक्षा 12वीं के लिए सोमवार एवं गुरूवार तथा कक्षा 11वीं के लिए मंगलवार एवं शुकवार का दिन तय किया जा सकता है। इसके अलावा 5 अगस्त से कक्षा 9 वीं से 12वीं तक शुरू होंगी। कक्षा 10 के लिए बुधवार एवं कक्षा 9 के लिए शनिवार तय किया जा सकता है। इसके साथ-साथ ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन भी जारी रहेगा। विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों को इस रीति से विद्यालय में आमंत्रित कर सकेगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना अनुसार कक्षा में विद्यार्थियों के बैठने की कुल क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।

#### स्कूल के साथ ही खुल जाएंगे 11वीं व 12वीं के लिए हॉस्टल

कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु छात्रावास भी 26 जुलाई से प्रारंभ किए जा सकेंगें। छात्रावासों में छात्रों के आगमन से पूर्व नियत कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए आवश्यक तैयारियां की जाए एवं प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य होगा।

#### कोचिंग संस्थाएं भी 5 अगस्त से खुलेंगे

कक्षा 12वीं के लिए 5 अगस्त से कोचिंग संस्थाएं प्रारंभ की जा सकेगी। कोचिंग संस्थान में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं स्टॉफ हेतु वेक्सिनेशन अनिवार्य होगा। कोंचिग संस्थानों के सेनिटाइजेशन एवं बाथरूम इत्यादि की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



## सुहागी महाराजपुर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे

### राहगीरों का तो चलना दूभर, बसपा ने तत्काल गड्ढे भरवाने की मांग



**जबलपुर ।** मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे नंबर 7 सुहागी, महाराजपुर से खैरी तक तक सड़क महीनों से चलने लायक नहीं है। चौड़े –चौड़े, गड्ढों में फंसकर आये दिन हादसे हो रहे हैं, बसों,आटो सहित बडे वाहनों को भी निकलने में दिक्कत होती है। मोटरसाइकिल से गिनकर सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं,। बहुजन समाज पार्टी जबलपुर जिला अध्यक्ष एड लखन अहिरवार द्वारा प्रशासन, नेताओं पर अनदेखी का आरोप लगाते हुये कहा यदि तत्काल इस सडक का निर्माण नहीं किया गया तो फिर यह परेशान लोग रोड़ पर उतरेंगे। बहुजन समाज पार्टी ने जिला प्रशासन एवं नगर के वरिष्ठ अधिकारियों से यह मांग की है कि तत्काल सुहागी, महाराजपुर, खैरी तक सडक पर भारी गड्ढों की पुराई कर सडक निर्माण कार्य शुरु किया जाये, बारिश में पानी भरे रहने के कारण यदि कोई बडा हादसा होता है तो फिर इसकी जबावदारी जिला प्रशासन की होगी। सड़क की मरम्मत की मांग ` बसपा जिला अध्यक्ष एड लखन अहिरवार, जिला महासचिव राकेश समुंदरे, बसपा नेता आशा गोटिया, दालचंद साहू, विनोद चौधरी, गंगाराम बाबाजी, राकेश चौधरी,मिलिंद लोखंडे, बसोरी केवट, राजकुमार, भारत गौंटिया, सुमेर सिंह, ने की है।

## आज शहर में 55, ग्रामीण में 48 केन्द्रों पर लगाई जा रही कोरोना वैक्सीन



**जबलपुर।** कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत शनिवा शहर में 55 और जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 48 केन्द्रों पर कोरोना की वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसएस दाहिया के अनुसार शहर के 55 टीकाकरण केन्द्रों में से 45 केन्द्रों पर कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज तथा 10 केन्द्रों पर कोवैक्सीन की सिर्फ दूसरी डोज पूर्व में ऑनलाइन स्लॉट बुक करा चुके व्यक्तियों को लगाई जा रही है। इसी क्रम में नया वार्ड 74 अमखेरा मैं सरकारी स्कूल मैं वैक्सीन शिविर का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने पूनम सेन शर्मा टिम्मी अजय चौबे मुकेश पटेल राजेश रजक राम सुहागन गुप्ता पप्पू बर्मन सरपंच प्रभा यादव वर्षा शर्मा विकसित की उपस्थिति में किया गया।

#### शिक्षकों और कर्मचारियों का टीकरकरण 26 से

प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का कोविड-19 टीकाकरण एक अभियान के रूप में किया जायेगा। इसके लिये मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने सभी कलेक्टर्स और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 26 से 31 जुलाई में यह अभियान संचालित किया जाए।टीकाकरण अभियान का आयोजन जिला मुख्यालय एवं विकासखंडों में सुविधा युक्त महाविद्यालयों का चयन कर नियत तिथि में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। इस अभियान में आदिम जाति कल्याण विभाग के विद्यालय सहित सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कोविड-19 टीके के प्रथम/द्वितीय डोज लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि सभी शिक्षा संस्थानों से समन्वय स्थापित कर वर्कप्लेस कोविड-19 टीकाकरण सत्र हो। साथ ही इस अभियान के दौरान टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये गये हैं।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल

## जिले के 55 परीक्षा केन्द्रों के लिए सहायक को-ऑर्डिनेटर नियुक्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार 25 जुलाई को जिले के 55 परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2020 आयोजित की गई है। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहले सत्र की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरे सत्र की परीक्षा अपरान्ह 2.15 बजे से 4.15 बजे तक होगी।संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर ने सभी परीक्षा केन्द्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने व परीक्षा में सहयोग हेतु सहायक को-ऑर्डिनेटर और रिजर्व सहायक को-ऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिया है।

### प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 का प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया हैं। प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। सामान्य अध्ययन का प्रथम प्रश्न पत्र का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सामान्य अभिरूचि परीक्षण का द्वितीय प्रश्न पत्र अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित होगा।

### कोविड परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर ने कलेक्टर को निर्देशित किया है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमित छात्रों के लिए अलग से पीएसएम कॉलेज हाईकोर्ट के पास, सेंट थामस हायर सेकेंडरी स्कूल मरियम चौक, सिविल लाइन व शास. रानी दुर्गावती गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल गंगानगर ग?ा में बनाये गये तीन परीक्षा केन्द्रों में कोविड प्रोटोकॉल के तहत सभी जरूरी व्यवस्थायें की जायें। कोविड संक्रमित अभ्यर्थी अपनी कोविड संक्रमण की सूचना व जानकारी संभागायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कक्ष के दूरभाष नंबर 0761-2970171 पर दर्ज करा सकते हैं। ताकि कोविड संक्रमित अभ्यार्थियों की बैठक व्यवस्था कोविड परीक्षा केन्द्र में की जा सके।

मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा की समाप्ति तक संभागायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कक्ष को कोविड कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिससे कोविड से संबंधित परीक्षार्थियों की जानकारी संग्रहित कर उनके बैठने की व्यवस्था निर्धारित परीक्षा केन्द्र में की जा सके। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें को निर्देशित किया है कि कोविड अभ्यार्थियों हेतु तय परीक्षा केन्द्रों में थर्मल स्केनिंग, पीपीई किट, सेनेटाइजर की व्यवस्था सहित डॉक्टर्स व नर्सों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही कोरोना प्रभावित परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र तक लाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा दिवस को भी कोरोना पॉजीटिव हो जाता है तो उससे भी प्रारूप भरवाकर उसे कोरोना परीक्षार्थियों के लिए बनाये गये विशेष परीक्षा केन्द्र में स्थानांतरित किये जाने की पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाये।

इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक-एक आइसोलेशन कक्ष भी बनाया जाये। ताकि बुखार, सर्दी-खांसी से प्रभावित अभ्यार्थियों को अलग बैठाया जा सके। इसके लिए डॉक्टर्स व नर्सों की भी ड्यूटी लगाई जाए।



# तीसरी लहर आने की पूर्व रेल अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट मोड पर

**जबलपुर यश भारत।** पमरे अपने रेल कर्मियों एवं उनके परिवार को संक्रमण से बचाने के प्रति गंभीर और लगातार प्रयासरत है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद पश्चिम मध्य रेल के कार्मिक एवं स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक लोंगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया है। पमरे इस टीकाकरण अभियान को जागरूक करते हुए कोविड-19 महामारी की संभावित तीसरी लहर आने से पहले तीनों मण्डलों, कारखानों तथा मुख्यालय के संबंधित स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है और स्वाथ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम ने टीकाकरण कार्यक्रम को व्यापक पैमाने पर चला कर इस अभियान में सफलता हासिल कर ली है । पश्चिम मध्य रेल में 42390 रेल कर्मचारियों का टीकाकरण हो चुका है। इसके अलावा रेल कर्मचारियों के परिजनों और अन्य गैर रेलवे व्यक्तियों का भी टीकाकरण रेलवे अस्पतालों में हो रहा है। साथ ही साथ पमरे में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 16766 रेल कर्मचारियों का अर्थात 90 प्रतिशत रेलकर्मियों का टीकाकरण किया जा चुका है और 18-45 वर्ष तक के आयु वर्ग में 25624 रेल कर्मचारियों का अर्थात 70 प्रतिशत रेलकर्मियों का टीकाकरण हो चुका है। पश्चिम मध्य रेल का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत टीकाकरण जुलाई 2021 तक में पूरा करना है।

**पश्चिम मध्य रेल में 42390 रेल कर्मचारियों का हुआ टीकाकरण**

### तीनों मंडलों में चला वैक्सीन अभियान

पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में तीनों मण्डलों के रेलवे चिकित्सालय की स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम तथा रेलवे यूनियन, संघ आदि विभिन्न रेलवे संगठनों के सहयोग से रेलवे में वैक्सीनेशन के अभियान निरंतर चलाए गए।

### संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं

पमरे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय एवं मण्डल के सभी रेल कर्मियों तथा उनके परिवार से अनुरोध किया है कि वह संक्रमण से अपने को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन का टीका अवश्य लगाएं यह आपके जीवन रक्षा के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस टीकाकरण के सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग के जो कोविड समन्वयक है, उनके द्वारा किये गए प्रयासों की सराहना की साथ ही साथ राज्य एवं जिला प्रशासनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

## अब बड़े विभागों की कमान संभालेंगी अंजू सिंह



**कमिश्नर ने जारी किया आदेश**

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर ने शुक्रवार को प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से अंजू सिंह ( उपायुक्त) नगर पालिक निगम जबलपुर को अपने कार्य के साथ-साथ सामान्य प्रशासन एवं उद्यान विभाग का प्रभार दिया है । सामान्य प्रशासन एवं उद्यान विभाग की समस्त नस्तियां अंजू सिंह के माध्यम से निगमायुक्त के समक्ष प्रस्तुत होंगी।

# निष्काम भक्ति के आदर्श हैं सुदामा



**जबलपुर।** शंकराचार्य मठ सिद्ध बगुला मुखी पीठ सिविकसेण्टर मढाताल में श्री मद्भागवत गुरुपूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने कथा मीमांसा करते हुए बताया कि वेद में तीन काण्ड है ज्ञान, उपासना, कर्मकांड, कर्मकांड के 16000मंत्र 100उपनिषद 8प्रकृति कुल 16108यही भगवान् की पत्नियाँ हैं ।मित्र सुदामा की कथा वर्णित करते हुए कहा कि श्री सुदामा जी भगवान् के मित्र तो थे ही साथ में समाज को उन्होंने भगवान् से संबंध निष्काम रूप से होना चाहिए यह बतलाया कि चाहे जितनी समस्याएँ जिन्दगी में हो परन्तु से स्वार्थ पूर्ण भक्ति नहीं होना चाहिए भगवान् के प्रति समर्पण होना चाहिए जो सुदामा जी ने अपनी पत्नि के कहने पर स्वार्थ को त्यागकर दर्शन की लालसा से भगवान् के पास जाना स्वीकार किया इसलिए भगवदभक्ति वासनात्मक नही उपासनात्मक होना चाहिए तभी परमात्मा सर्वस्व प्रदान करते हैं जो उन्होंने उनके भावपूर्ण चावलों को स्वीकार कर किया ।श्री मद्भागवत भगवान् की साक्षात् वांग मय मूर्ति है ।परीक्षित मोक्ष की कथा के माध्यम से तथा सप्ताह यज्ञ की सफलता व्यास पूजन के साथ कथा का विश्राम हुआ ।अतः मन,वचन और कर्म से प्रभु के चरणों में अपना भावारखना चाहिए ।

## जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन 26 को

**जबलपुर।** जिला रोजगार कार्यालय जबलपुर द्वारा सोमवार 26 जुलाई को कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राईव का आयोजन उद्योग भवन कटंगा में किया जा रहा है। उपसंचालक रोजगार एमएस मरकाम के अनुसार रिक्रूटमेंट ड्राईव में इंडिया मार्ट, नव किसान बायो प्लांटिक लिमिटेड एवं भारतीय जीवन बीमा निगम ने भाग लेने की सहमति प्रदान की है। ड्राईव में दसवीं-बारहवीं एवं स्नातक योग्यता वाले तथा 18 से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि कंपनियों से विभिन्न रिक्त पदों के लिए आवेदकों को 7 से 15 हजार तक का वेतन ऑफर किये जाने हेतु नोटिफिकेशन प्राप्त हुआ है। रिक्रूटमेंट ड्राईव में शामिल होने के इच्छुक आवेदकों को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय उद्योग भवन कटंगा जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित रहना होगा।

# जिला जनपद और पंचायतों में कामगाज ठप्प

**जबलपुर। डॉक्टर, नर्सों के बाद अब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों ने भी हड़ताल का शंखनाद किया है। जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों में कार्यरत रोजगार सहायक सचिव, सचिव, उपयंत्री, सहायक यंत्री, परियोजना अधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए है। इसकी वजह से पंचायत से लेकर दोनों कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो गया है।**




**उपयंत्री, रोजगार सहायक सचिव, सचिव और जिला, जनपद के अधिकारी हड़ताल पर**

संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आयोजित हो रही अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल होने की प्रमुख वजह मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा बार-बार इनकी मांगों को अनसुना करना है। संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष राजेश तिवारी, मनोज अग्रवाल, धनंजय शर्मा, अनिल चौबे, सुषमा सरफरे ने बताया कि कई सालों से प्रमुख अधिकारियों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार को ज्ञापन दिए गए। उन्हें बताया गया कि कितने कम स्टाफ पर जनपद और जिला कार्यालयों में कार्य हो रहा है। पेंशन व्यवस्था और नियमितीकरण को लेकर भी ज्ञापन दिए गए, लेकिन हर बार सरकार का रवैया आश्वासन पर ही टिका रहा। इससे मजबूर होकर प्रदेश भर में संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में हड़ताल की जा रही है और यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी तब तक, शासन मांगों को लेकर ठोस निर्णय नहीं लेता।

### अतिरिक्त जिला पंचायत-जनपद सीईओ भी थे हड़ताल पर

*सरकार के खिलाफ यह पहली बार है कि बड़े पद पर बैठे अधिकारी भी हड़ताल पर उतर आए है। हालांकि यह हड़ताल उनकी एक दिन की थी, लेकिन एक दिवसीय हड़ताल के बहाने अधिकारियों ने सरकार तक यह मैसेज पहुंचाया है कि आगामी दिनों में उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह भी निचले स्तर के कर्मियों की तरह ही हड़ताल पर बैठ जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त जिला पंचायत और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एक दिन की हड़ताल पर थे।*

## भारत-श्रीलंका मैच पर लग रहे थे दाव - पुलिस ने घेराबंदी कर 1 को दबोचा

**नगदी 3 हजार रुपए, कम्प्यूटर सहित हिसाब-किताब जब्त**

**जबलपुर।** थाना गढ़ा अंतर्गत भारत और श्रीलंका क्रिकेट मैच पर लगाए जा रहे सट्टे का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को सट्टा-पट्टी और नगदी सहित दबोच लिया। जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पचमठा मंदिर छुई खदान के पास गढ़ा में अवैध रूप से भारत एवं श्रीलंका क्रिकेट मैच पर पैसों का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां घेराबंदी कर लालू उर्फ जमुना प्रसाद पटैल उम्र 33 वर्ष निवासी छुई खदान को दबोचा गया। जो एक रजिस्टर लिये मिला जिसे चैक करने पर रजिस्टर के 2 पेज में सट्टे का हिसाब लिखा था, उक्त रजिस्टर एवं नगदी 3 हजार 850 रूपये जब्त करते हुये पूछताछ कर माढोताल काली मंदिर के पीछे स्थित आरोपी लालू उर्फ जमुना प्रसाद पटैल के कमरे में दबिश दी, जहां एक चालू हालत में डेक्सटॉप कम्प्यूटर मिला। जिसकी लालू नाम की एक्सेल फाईल में सट्टे का हिसाब किताब लिखा है। जिसे भी जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# वैक्सीन लगवाने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ी धज्जियां**

**जबलपुर यश भारत।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना वैक्सीनेशन सेंटरों में वैक्सीन लगवाने के लिए काफी भीड़ उमड़ी। वैक्सीनेशन केंद्र में टीका लगवाने के लिए सुबह से केंद्रों में पहुंचे लोगों ने दो गज दूरी के नियम की खूब धज्जियां उड़ाई। सुबह से शाम तक केंद्र के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही। कटंगी के समीप बोरिया के ग्राम पंचायत भवन में ज्यादा भीड़ होने की वजह से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ा। इसको लेकर कई लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि लोगों की भीड़ को देखते हुए वैक्सीनेशन को लेकर दो केंद्र बनाने चाहिए, जिससे लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए ज्यादा देर इंतजार न करना पड़े। वैक्सीनेशन के बाद लोगों को नियमानुसार वहां थोड़ी देर तक बैठाने के लिए कोई उचित प्रबंध नजर नहीं आए। टीका लगाने के बाद लोगों को घर भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि बोरिया के ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ी लोग सुबह से ही ग्राम पंचायत भवन पहुंचे जहां भीड़ को देखते हुए कुछ ग्रामीण तो वेदर टीका लगवाए बैरंग अपने घर को वापस हो गए।

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल जिला जबलपुर

राप्रक्र/1908/अ-6/20-21

अधारताल दिनांक 19/7/21

### आम इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सुहागी तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक नर्मदा बाई पति स्व. हीरा लाल जाति--- निवासी 431/5 न्यू पनेहरा जीसीएफ स्टेट के द्वारा ग्राम सुहागी बंदोबस्त 1/26 पहनं 20/17 नजूल प्लाट नं --- में स्थित भूमि खसरा नंबर 37/1 रकवा 700 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 983/4 दिनांक 1.7.2002 को फौती नामांतरण मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 19.7.21

पेशी दिनांक 9.8.21

अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

# स्टेशन के वाहन स्टैंड की सुविधा शीघ्र उपलब्ध नहीं हुई तो होगा उग्र प्रदर्शन



**वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन की चेतावनी,होगा आंदोलन**

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर में सैकड़ों रनिंग स्टाफ के लिए रेल प्रशासन अभी तक वाहन स्टेंड की सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है, जिससे ड्यूटी पर आने व ड्यूटी से छूट कर अपने घरों को जाने वाले कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. इस मामले को लेकर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन कई पत्र रेल प्रशासन को लिख चुकी है, लेकिन रेलवे स्टेसन परिसर स्थित नवनिर्मित लॉबी के बाहर अभी तक वाहन स्टेंड नहीं बन सका. इसी मांग को लेकर डबलूसीआरईयू के तत्वावधान में बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ ने लॉबी के बाहर प्रदर्शन किया. इस मौके पर यूनियन ने रेल प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही वाहन स्टैंड की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

इस संबंध में डबलूसीआरईयू के मंडल सचिव नवीन लिटोरिया व मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा कि यूनियन ने कई पत्र रनिंग स्टाफ के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में नवनिर्मित लॉबी के बाहर वाहन स्टैंड बनाने के संबंध में रेल प्रशासन को लिखे हैं. इस मामले को पीएनएम में भी उठाया गया है. प्रशासन द्वारा इस विषय पर यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान अश्वासन दिया गया था कि प्लेटफार्म नं . 01 के विस्तारीकरण के कार्य के साथ ही रनिंग लॉबी के बाहर कर्मचारियों के उपयोग के लिए वाहन स्टैण्ड बना दिया जायेगा, किंतु उक्त मामले का निराकरण आज तक नहीं हो सका.

### रेल प्रशासन को लिखा पत्र

यूनियन ने रेल प्रशासन को फिर पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि अत्यन्त खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि प्लेटफार्म नं . 01 के विस्तारीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, परन्तु प्रशासन द्वारा दिये गये आश्वासन के अनुरूप अभी तक वहाँ पर वाहन स्टैण्ड का निर्माण नहीं कराया गया है. जिसके कारण ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों के अपने वाहन पार्क करने मे भारी असुविधा हो रही है. वाहन चोरी जाने का भय बना रहता है तथा प्लेटफार्म नं. 01 के सायकिल स्टैण्ड का ठेकेदार रोज कर्मचारियों के लॉबी के बाहर खड़े वाहनों में चेन बाँध देता है तथा अनाप - शनाप पैसों की वसूली के बाद ही वाहनों की चेन खोलता है तथा कर्मचारियों से अभद्रता करता है. साथ ही पेट्रोल भी चोरी हो रहा है. उक्त परिस्थितियों में स्टाफ के अपने वाहन खड़े करने मे अत्यन्त असुविधा हो रही है . अतः यूनियन प्रशासन से अनुरोध करती है कि जबलपुर मे नव निर्मित रनिंग लॉबी के बाहर तत्काल सुविधाजनक वाहन स्टैण्ड बनवाने का श्रम करें तथा स्टैण्ड ठेकेदार को सख्त हिदायत जारी करें कि वह रेलवे स्टाफ के वाहनों में चेन ना बांधे और पैसे की वसूली व उनसे अभद्रता ना करे . प्रशासन द्वारा उक्त मॉग को शीघ्रता से पूरा ना करने पर यूनियन रेलवे स्टाफ के हितों के लिए आन्दोलन करेगी.

### प्रदर्शन में यह रहे उपस्थित

इसी मांग को लेकर लॉबी के सामने डबलूसीआरईयू ने प्रदर्शन किया व जमकर नारेबाजी की. इस दौरान काम. निरंजन, राम भजन, गोविंद, विवेक, अजय, कृष्णराज, तापस, अजीत ए के, सुशांत नील शुक्ला, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## श्रीमति श्यामाबाई शुक्ला का निधन



**जबलपुर।** स्व.नारायण प्रसाद शुक्ला की पत्नी व शिवप्रसाद शुक्ला (शिब्बू दादा) की भाभी, सुरेश, दिनेश शुक्ला की माता ,तरूण ,यश शुक्ला(गप्पू)की दादी श्रीमति श्यामाबाई शुक्ला (दीक्षितपुरा वृन्दावन की गली)का आकस्मिक निधन हो गया है, अंतिम यात्रा निज निवास दीक्षितपुरा वृन्दावन की गली से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर

मामला क्रं. 0019/अ/-6 2021-22

### सार्वजनिक नोटिस

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार नजूल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितवद्ध व्यक्ति दिनांक 05/08/2021 को प्रात: 01 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जैसे सम्यक रूप से अनुदेय दिये गये हो या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट नं. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित धारक /धारकों का नाम/पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | कंदेली | 2/17 में से | 300 वर्गफुट | श्री प्रभात त्रिपाठी आ. श्री एस.एन. त्रिपाठी निवासी सिविल लाईन जबलपुर एवं श्रीमति महिमा त्रिपाठी पत्नि स्व. श्री प्रकाश त्रिपाठी एवं श्री ईशान त्रिपाठी पिताश्री प्रकाश त्रिपाठी सिविल लाईन तहसील व जिला जबलपुर | कुंवर वीरेन्द्र सिंह पटैल आ. स्व. श्री हर प्रसाद जी पटैल निवासी नेहरू वार्ड नरसिंहपुर |
| | | 2/18 | 870 वर्गफुट | | |

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर

मामला क्रं. 0020/अ/-6 2021-22

### सार्वजनिक नोटिस

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार नजूल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितवद्ध व्यक्ति दिनांक 05/08/2021 को प्रात: 01 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जैसे सम्यक रूप से अनुदेय दिये गये हो या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट नं. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित धारक /धारकों का नाम/पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | कंदेली | 2/17 में से | 750 वर्गफुट | श्री प्रभात त्रिपाठी आ. श्री एस.एन. त्रिपाठी निवासी सिविल लाईन जबलपुर, तहसील व जिला जबलपुर | ऋषभ कौरव आ. श्री राजेन्द्र प्रसाद कौरव निवासी नेहरू वार्ड नरसिंहपुर |

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर



## संपादकीय

# प्रकृति का रौद्र और इनसानी नादानी

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने देश के विभिन्न भागों में दस्तक दी तो राहत के साथ आफत भी बरसी। यूं तो देश के तमाम इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालातों से लोगों को दो-चार होना पड़ा है, लेकिन महाराष्ट्र में पिछले 2 दिनों से हो रही भीषण बाढ़ से हाहाकार मच गया है। इस भारी बारिश के कहर के बीच राहत और बचाव का काम तेजी से जारी है। बारिश से बने हालात और भूस्खलन की वजह से राज्य में 129 लोगों की मौत हो गई। इस बीच पुणे मंडल में 84,452 लोगों को शुक्रवार को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। महाराष्ट्र के पुणे मंडल में भारी बारिश और नदियों के उफान पर होने के चलते 84,452 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सदियों से देश में मानसूनी फुहारें जन के तन-मन को भिगोती रही हैं। जीवनदायिनी बूंदों का महीनों इंतजार रहता था। उसके लिये इंद्रदेव की तरह-तरह से पूजा अर्चना और टोटको का जिक्र पौराणिक ग्रंथों व लोककथाओं में विद्यमान है। अब सवाल यह है कि जीवनदायिनी मानसूनी बारिश जानलेवा क्यों हो रही है? इसके कारणों की पड़ताल करें तो पाते हैं कि यह केवल भारत की ही समस्या नहीं है। जर्मनी समेत यूरोप के कई देशों ने हाल में अतिवृष्टि से जो तबाही देखी, वैसे हालातों को पिछले सैकड़ों सालों में नहीं देखा गया। उनका सिस्टम ऐसी आपदा से निपटने के लिये तैयार ही नहीं था। उनके लिये बाढ़ का आना ही अचरज भरा है। चीन में कई बांधों के टूटने के बाद तबाही का जो आलम है, वह दुनिया की नंबर एक ताकत बनने को आतुर चीन को आईना दिखा रहा है। अमेरिका के जंगलों में लगी आग, कनाडा में झुलसाती गर्मी और बर्फानी साइबेरिया में लू के थपेड़ों ने कुदरत के कहर की दास्तां लिखी है। पर्यावरण के प्रति जागरूक बिरादरी और विकासशील देश जिस ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिये विकसित व धनाढ्य देशों से गुहार लगाते रहे, उसकी जमीनी हकीकत ये संपन्न मुल्क अब महसूस कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के बाद ये आसमानी आफत इनसान को उसके बौने कद का अहसास करा रही है। साथ ही भारत जैसे विकासशील देशों के लिये नसीहत भी है कि ग्लोबल वार्मिंग के आसन्न संकटों से निपटने को शासन-प्रशासन की नीतियों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाये। पहली बारिश में गुरुग्राम जिस तरह जलमग्न हुआ, उसने नगर निगम के उन दावों की पोल खोल दी, जिसमें कहा गया था कि मानसून आने से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की पूरी तैयारी कर ली गई है। सड़कों पर इतना पानी भरा था कि यातायात ठप होकर रह गया। यही स्थिति दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तमाम शहरों की भी है। मुंबई व पुणे भी कमोबेश ऐसी ही स्थितियों से दो-चार हैं। दरअसल, सरकार व नगर निगमों में तालमेल के अभाव व जिम्मेदारियों से बचने की प्रवृत्ति ने इस संकट को बढ़ाया है। नगर निगमों में राजनीतिक दलों की अनावश्यक दखल और ठेकदारों को राजनीतिक संरक्षण समस्या को जटिल बनाती है। सही बात यह है कि नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की निगरानी करने वाला और उनकी जवाबदेही तय करने वाला कोई तंत्र विकसित नहीं हो पाया। यही वजह है कि न तो बरसाती पानी की निकासी की कारगर व्यवस्था हो पाती है और न ही जलभराव से मुक्ति के लिये पानी निकालने वाले पर्याप्त पंपों की खरीद। योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही बनती हैं, जो पहली मानसूनी बारिश में ही बह जाती हैं। दरअसल, पिछले दिनों बारिश के पैटर्न में जो विश्वव्यापी बदलाव आया है, उसके हिसाब से बहुत कम समय में बहुत ज्यादा पानी बरस जाता है जो किसी भी शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर रणनीति तैयार करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय निकायों को इसके लिये प्रशिक्षित करने की भी जरूरत है। दरअसल, हमें ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आ रहे बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना होगा।

# दिल मिले न मिले, पर साथ चले

**क्रिकेट हो या कॉमेडी—माहौल बनाने में नवजोत सिंह सिद्धू माहिर रहे हैं। बेशक राजनीति में वह नये नहीं हैं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी बड़ी राजनीतिक भूमिका की शुरुआत भी उन्होंने उसी तेजतर्रार अंदाज में की है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस शुरुआत को वह लंबी, शानदार और मैच जिताऊ पारी में बदल पाते हैं या नहीं। हालांकि सिद्धू चर्चित कॉमेडी शो का भी महत्वपूर्ण अंग रहे हैं, लेकिन क्रिकेटर काल में कप्तान अजहरुद्दीन से अनबन के चलते इंग्लैंड दौरा बीच में ही छोड़ कर चले आने से उनकी छवि अधीर और अहमन्य व्यक्ति की ही बनी। फिर जिस तरह से उन्होंने भाजपा को अलविदा कहा, उससे भी वह छवि पुष्ट हुई। कांग्रेस में रहते हुए भी सिद्धू की चर्चा बेहतर और सकारात्मक कामकाज के लिए कम, राजनीतिक विरोधियों से टकराव के लिए ज्यादा होती रही है।**

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति का इंतजार लंबा होते देख उन्होंने जिस तरह अपनी ही राज्य सरकार पर सार्वजनिक रूप से निशाना साधा और खासकर बिजली के मुद्दे पर मुख्य विपक्षी दल आप की सोच की प्रशंसा भी की, उससे भी उनकी छवि संयमी, परिपक्व और दूरदर्शी राजनेता की हरगिज नहीं बनी।इसके बावजूद कांग्रेस आलाकमान ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की इच्छा के विरुद्ध सिद्धू को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का जोखिमपूर्ण फैसला लेने का साहस दिखाया, तो इसका बड़ा कारण खुद कैप्टन का आचरण-व्यवहार भी रहा है। इसमें दो राय नहीं कि शिरोमणि अकाली दल-भाजपा गठबंधन के लगातार 10 साल शासन के बाद वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में आप को मिलती दिख रही अप्रत्याशित बढ़त के बावजूद कांग्रेस को मिले जनादेश में कैप्टन अमरेंद्र सिंह की राजनीतिक साख की बड़ी भूमिका रही। इस सीमांत राज्य के समझदार मतदाताओं ने नये राजनीतिक दल आप और उसके अघोषित नेतृत्व के बजाय देश के सबसे पुराने दल और उसके अनुभवी नेतृत्व पर विश्वास जताया। कुछ राजनीतिक प्रेक्षकों का यह आकलन भी पूरी तरह निराधार नहीं कहा जा सकता कि अंतिम क्षणों में परंपरागत अकाली-भाजपा मतदाताओं ने भी अपना मन बदला। बेशक मुख्यमंत्री बनते ही उम्रदराज अमरेंद्र सिंह ने संकेत देना शुरू कर दिया था कि यह उनकी अंतिम पारी होगी, लेकिन जरूरी प्रशासनिक एवं राजनीतिक कामकाज के प्रति भी वह जिस तरह उदासीन नजर आये—वह सभी को हैरान करने वाला रहा। एक सीमांत राज्य के रूप में सीमा पार की नापाक पाकिस्तानी साजिशों का शिकार तो पंजाब रहा ही है, पिछले कुछ दशकों में यह प्रगतिशील प्रदेश से बदहाल राज्य भी बन गया है। खस्ता अर्थव्यवस्था वाले पंजाब में विकास तो दूर की बात है, सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं रहे। आंकड़ा बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि पंजाब की युवा पीढ़ी नशे के गर्त में डूब रही है या फिर विदेश पलायन के सपनों में। कभी हरित क्रांति का केंद्र रहे पंजाब में आज कृषि और किसान की बदहाली का मुंह बोलता सबूत आत्महत्याओं के आंकड़े और किसान आंदोलन है। औद्योगिकीकरण में पंजाब कहां खड़ा है, इसका अंदाजा गहराते बिजली संकट से लगाया जा सकता है। शिक्षा-स्वास्थ्य की दुर्दशा छिपी तो पहले भी किसी से नहीं थी, कोरोना काल ने उसे पूरी तरह बेनकाब कर दिया। जाहिर है, चौतरफा बदहाली वाले पंजाब को शाब्दिक नहीं, व्यावहारिक अर्थ में सुशासन की जरूरत थी, लेकिन मिला क्या? राजसी पृष्ठभूमि वाले महाराजा की आरामतलब शासन शैली, जिसमें सत्ता के सूत्र निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से ज्यादा नौकरशाहों के हाथों में सिमटे रहे। इसमें दो राय नहीं कि वर्ष 2014 में अमृतसर लोकसभा क्षेत्र से भाजपाई दिग्गज अरुण जेटली को हराने और फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दिलवाने के बाद पंजाब ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस में अमरेंद्र का कद बहुत बड़ा हो गया । इसलिए भी बीच-बीच में प्रताप सिंह बाजवा और नवजोत सिंह सिद्धू सरीखे कांग्रेसियों द्वारा मुखर आलोचना के बावजूद आलाकमान ने अमरेंद्र को उनके मनमाफिक पंजाब चलाने दिया—सरकार के स्तर पर भी और संगठन के स्तर पर भी। अब जबकि विधानसभा चुनाव महज सात महीने दूर हैं, शीर्ष नेतृत्व के लिए भी मूकदर्शक बने रहना मुश्किल हो गया । इसलिए भी कि पंजाब समेत गिने-चुने राज्य ही बचे हैं, जहां कांग्रेस सत्ता की दावेदार नजर आती है। यह सही है कि अमरेंद्र सिंह और सिद्धू के बीच वैचारिक या नीतिगत मतभेद नहीं हैं, सीधे-सीधे महत्वाकांक्षाओं का टकराव है। इसीलिए हर बार सिद्धू की उपमुख्यमंत्री या प्रदेश अध्यक्ष पद पर दावेदारी की चर्चा सामने आयी। उपमुख्यमंत्री बनाना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति आलाकमान के हाथ थी। उसे रुकवाने की भी अमरेंद्र ने अंतिम क्षणों तक कोशिश की, पर उनका तरीका शायद आलाकमान को उकसाने वाला ही साबित हुआ। अपनी बात स्वयं आलाकमान से कहने के बजाय उन्होंने जिस तरह अपने ओएसडी के हाथ कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र भेजा, वह कांग्रेस तो दूर, किसी भी राजनीतिक दल में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उस पत्र की भाषा भी दल और राज्य के हित में अपने तर्क रखने के बजाय आलाकमान को चेतावनी-चुनौती देने वाली रही। उसके बाद तो आलाकमान को खुद अपनी साख बचाने के लिए जरूरी हो गया था कि वह कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरोध को दरकिनार करते हुए सिद्धू को ही पंजाब कांग्रेस की कमान सौंपे। इस संदेश को समझने में भी कैप्टन ने देर लगायी। अराजनीतिक और अहमन्य सिपहसालारों से घिरे कैप्टन ने सूत्रों के जरिये राग अलापा कि पहले सिद्धू सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, तभी वह उनसे मिलेंगे, पर राजनीति में अनाड़ी अब सिद्धू भी नहीं रहे। सो, कांग्रेस के अधिकांश विधायकों के साथ स्वर्ण मंदिर जाकर कैप्टन को साफ संदेश दे दिया। उसके बाद अध्यक्ष पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर आशीर्वाद देने का औपचारिक न्योता भी भिजवा दिया, जिसके बाद कैप्टन के पास कार्यक्रम में जाकर सिद्धू को आशीर्वाद देने के अलावा अपना बड़प्पन बचाने का कोई सम्मानजनक विकल्प ही नहीं बचा था। पर सत्ता शतरंज की राजनीति इतनी सरल नहीं होती। इसलिए दावे से नहीं कहा जा सकता कि कैप्टन और सिद्धू के बीच वर्चस्व की जंग यहां समाप्त होती है या फिर नये सिरे से शुरू। विधायकों का बहुमत सिद्धू के साथ नजर आया तो बनाये गये चार कार्यकारी अध्यक्षों में भी कैप्टन की पसंद का ख्याल नहीं रखा गया। बेशक पंजाब में कांग्रेस संगठन की कप्तानी नवजोत सिंह सिद्धू को सौंप दी गयी है, लेकिन मुख्यमंत्री के नाते सरकार के कप्तान तो कैप्टन अमरेंद्र सिंह ही हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि परस्पर प्रतिद्वंद्वी दो कप्तानों वाली कांग्रेस की नैया चुनाव वैतरणी पार कर पायेगी या फिर वर्चस्व की अंतर्कलह उसे मंझधार में ले जाकर छोड़ेगी। बेशक चुनाव नजदीक हों तो टिकट वितरण ही अर्जुन की आंख की तरह असली लक्ष्य बन जाता है, लेकिन उससे पहले पंजाब भर में संगठनात्मक ढांचा बनाने की कवायद भी कैप्टन और सिद्धू के बीच रस्साकशी से अछूती रह पायेगी, इसमें पूरा संदेह है।



**राजकुमार सिंह**

# आपका राशिफल 25 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5505




**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5504**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## हेल्थ

# सावधान! 10 से 18 साल के युवा डिप्रेशन की चपेट में



बड़े ही नहीं युवा भी अवसाद की जद में हैं। 10 साल के बच्चे से लेकर 18 साल के युवाओं में तेजी से अवसाद (डिप्रेशन) घर कर रहा है। इसकी बहुत सी वजह हैं। माता-पिता अपनी उम्मीदों को बच्चे पर थोपते हैं। पढ़ाई का पहले से ही दबाव रहता है। यह बातें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष वर्मा ने यहां दी। केजीएमयू के कलाम सेंटर में यूपी पेडिकॉन की 39 वीं कान्फ्रेंस का आगाज हुआ। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि मोबाइल-कम्प्यूटर और टीवी बच्चों सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया है। छह साल की उम्र तक बच्चे को मोबाइल, कम्प्यूटर टीवी आदि से दूर रखें। इससे नजर कमजोर हो सकती है। छह साल से अधिक उम्र के बच्चे माता-पिता की देख-रेख में आधा एक घंटे मोबाइल देख सकते हैं। वह भी 20-20 मिनट के अंतराल पर। इंदौर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेएस टुटेजा ने किशोरों में बढ़ रहे मानसिक तनाव पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि देश में किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक खोलने की जरूरत है। माता-पिता बच्चों से लगातार संवाद रखे।

### बस नौ मिनट के दुलार से नहीं बिगड़ेंगे बच्चों से रिश्ते

पीजीआई में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पियाली भट्टाचार्या व कान्फ्रेंस के संयोजक डॉ. आशुतोष वर्मा ने बताया कि काफी संख्या में दम्पत्ति दोनों कामकाजी हैं। उनके पास बच्चों के संग वक्त गुजरने तक का मौका नहीं रहता है। ऐसे में सिर्फ नौ मिनट बच्चों के बीच गुजारें। इससे बच्चे में खुशी बढ़ेगी। माता-पिता के प्रति बच्चे का स्नेह बढ़ेगा।

### ये है फार्मूला

-सुबह बच्चे के उठने के बाद माता-पिता उसे गले लगाएं। तीन मिनट दुलार करें।
-स्कूल से जब बच्चा घर लौटे तो उसे तीन मिनट तक प्यार करें। उसकी टाई सही करें। पीठ थपथपाएं। चेहरे और सिर पर स्नेह से हाथ फेरें।
-सोने से ठीक पहले बच्चे से तीन मिनट बातें करें। चिपकाकर लिटाएं।

### रोज मैदान में एक घंटे खेले बच्चे

चिकित्सा शिक्षा विभाग में अपर निदेशक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एनसी प्रजापति ने कहा कि बच्चे खेल-कूद के बजाए मोबाइल देखना अधिक पसंद कर रहे हैं। मैदान और पार्क गायब हो गए हैं। बीमारियों से बचने के लिए बच्चों को एक घंटे रोजाना मैदान में खिलाएं।

## सूडोकु नवताल- 6026

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



## विचार प्रवाह

आज मिलावट का जमाना है। खाद्य पदार्थों और औषधियों में ही मिलावट नहीं चल रही है, विचारों और आदर्शों में भी मिलावट का काम जारी है। यहां तक कि हम जो सांस लेते हैं उसमें भी मिलावट है। सांस में ऑक्सीजन कम, कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा है। लोक कहते हैं– आज ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते। मैं कहता हूं– ठीक है, अगर ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते तो कोई बात नहीं, ईमानदारी के साथ मर तो सकते हैं। ईमानदारी मजबूरी से नहीं, मजबूती से बनें।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7097



**बाएँ से दाएँ**

1.परिचय,जानना-2,4
5.वायु रोग-2
7.उत्साह,जिज्ञासा
9.कांटा,शूल
10.पिता,साधू-2
11.योद्धा जाति,राजपूत-3
14.थकान-4
16.मिसाल के तौर पर-4
20.ध्वजा,पताका-3
22.सीमा,बार्डर-2
23.बुरी आदत-2
24.समस्या,मुद्दा-3
27.जोर,दम,ताकत-2
28.दिखावटीपन, आडंबर,-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सीतापति,रामचंद्र-5
2.लम्हा,क्षण-2
3.धोखेबाज,दगाबाज-4
4.नलका,टौंटी-2
6.पुत्र,लड़का-3
8.कमरा,रूम-2
12.तीनों काल-3
13.पार्थिव शरीर,लाश-2
15.कजरा,अंजन-3
17.सच्चाई,सच-2
18.सेंधमार-5
19.पुचकारना,हाथ फेरना-4
20.धोखा,दगा-3
21.जरा,थोड़ा-2
25.सभी,संपूर्ण-2
26.राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -7096 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस सेवाओं के संचालन के लिए जारी टेंडर निरस्त

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस सेवाओं के संचालन के लिए जारी किए टेंडर निरस्त कर दिए हैं। एनएचएम के अफसरों ने बताया कि दो महीने पहले टेंडर जारी किए गए थे। इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एंबुलेंस खरीदकर संचालन कंपनी को करना था। टेंडर भरने की प्रक्रिया शुरू भी हो गई थी। इस बीच कुछ कंपनियों के साथ हुई प्री बिड मीटिंग में चर्चा के बाद सामने आया था कि जिस तरह के वाहन की जरूरत मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए है वैसे मिल नहीं पा रहे हैं। लिहाजा टेंडर निरस्त कर दिया गया है। दो से तीन के दिन के भीतर नया टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर निरस्त होने की वजह से आम लोगों को 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस की अच्छी सुविधाएं लेने के लिए अब तीन महीने और इंतजार करना पड़ेगा। नई टेंडर में कई शर्तें ऐसी जोड़ी गई हैं जो आम लोगों को बेहतर सुविधाएं देने वाली हैं।इनमें सबसे अहम यह है कि अभी प्रदेश में सिर्फ 606 एंबुलेंस चल रही है। नए टेंडर नहीं 1002 एंबुलेंस चलाई जाएंगी।जननी एक्सप्रेस की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इसका फायदा यह होगा की प्रदेश में 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस की सुविधा के लिए अब ज्यादा देर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जरूरतमंदों को जल्दी वाहन मिल सकेंगे। शहरी क्षेत्रों में अधिकतम 17 मिनट में और ग्रामीण क्षेत्रों में 27 मिनट में एंबुलेंस पहुंच जाएगी। देरी होने पर एंबुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा। अभी शहरी क्षेत्र में एंबुलेंस पहुंचने का अधिकतम समय




20 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट तय है। हालांकि टेंडर प्रक्रिया निरस्त होने की वजह से अब क्या सुविधाएं में 3 से 4 महीने लग जाएंगे।

### एक लाख की आबादी पर एक बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस रहेगी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अफसरों ने बताया कि एक लाख की आबादी पर बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एंबुलेंस एक रहेगी। इसी तरह से पांच लाख की आबादी पर एक एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस रहेगी। भोपाल में अभी 17 एंबुलेंस है। नए टेंडर के बाद 20 बीएलएस और चार एएलएस एंबुलेंस हो जाएंगी।

# शिक्षकों का 26 से 31 जुलाई के बीच होगा कोरोना टीकाकरण

**भोपाल।** प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का कोविड-19 टीकाकरण एक अभियान के रूप में किया जायेगा। इसके लिये मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने सभी कलेक्टर्स और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 26 से 31 जुलाई में यह अभियान संचालित किया जाए। टीकाकरण अभियान का आयोजन जिला मुख्यालय एवं विकासखंडों में सुविधा युक्त महाविद्यालयों का चयन कर नियत तिथि में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। इस अभियान में आदिम जाति कल्याण विभाग के विद्यालय सहित सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कोविड-19 टीके के प्रथम/द्वितीय डोज़ लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। निर्देशित किया




गया है कि सभी शिक्षा संस्थानों से समन्वय स्थापित कर वर्कप्लेस कोविड-19 टीकाकरण सत्र हो। साथ ही इस अभियान के दौरान टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये गये हैं।

### टाइगर क्विज-2021 का आयोजन

वन विभाग के अन्तर्गत एम.पी. टाइगर फाउन्डेशन सोसायटी द्वारा टाइगर क्विज- 2021 खुली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्विज प्रतियोगिता निःशुल्क रहेगी। विजेताओं की घोषणा अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस 29 जुलाई को की जायेगी। प्रतियोगिता के 100 विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। शेष प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। प्रतिभागियों को 25 जुलाई 2021 की सुबह 11ञ्59 बजे तक अपनी प्रविष्टि जमा करना होगी। प्रतिभागी गूगल, इंटरनेट अथवा किसी अन्य पुस्तकों का सहारा लेकर अपना आन्सर वेबसाइट https://bit.ly/tigerdayquiz पर प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागी क्विज-2021 के संबंध में सोसायटी की फेसबुक या ट्विटर पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से मध्य प्रदेश को मिलेंगे बीस हजार करोड़ रुपये




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नर्मदा सहित अन्य नदियां हैं। यहां पानी की कोई कमी नहीं है। इसका पूरा उपयोग कृषि क्षेत्र के लिए करना चाहिए। पिछले 15 साल में मध्य प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में काफी प्रगति की है। प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों को उपज का और बेहतर मूल्य दिलाया जा सकता है। प्रदेश को पिछले साल साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए थे। इस बार यह राशि बीस हजार करोड़ रुपये तक हो सकती है। यह बात राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष डॉ.जीआर चिंतला ने भोपाल में कही। क्षेत्रीय कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषक उत्पादक संगठनों का विस्तार होना चाहिए। इन्हें नाबार्ड हर तरह की सहायता मुहैया कराएगा। केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इन्हें सशक्त बनाने पर काम किया जा रहा है। कृषि के साथ-साथ ग्रामीण विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। पिछले साल ढाई हजार करोड़ रुपये अधिक उपलब्ध कराए थे। प्रदेश में जो नदियां हैं, उनके पानी का पूरा उपयोग होना चाहिए। इसके लिए जल प्रबंधन पर जोर दिया जाए। सिंचाई परियोजनाओं के लिए नाबार्ड सहायता भी मदद कर रहा है। किसानों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश का अपेक्स बैंक सशक्त है पर नौ-दस जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की स्थिति ठीक नहीं है। इसकी वजह से ऋण वितरण में भी समस्या आती है। साढ़े चार हजार प्राथमिक सहकारी समितियों में से आधी बेहतर काम कर रही हैं। उन्होंने सहकारी संस्थाओं के चुनाव कराने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रक्रिया में सुधार होता है। प्रदेश में चार साल से सहकारी संस्थाओं के चुनाव नहीं हुए हैं। कोरोना के दौरान कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों ने अच्छा काम किया है। बैंक की मुख्य महाप्रबंधक टीएस राजी गैन ने कहा कि प्रदेश के एक करोड़ किसानों में से 38 लाख के किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बने हैं। इसकी वजह से इन्हें बैंकों को ऋण देने में दिक्कत आती है। इस दिशा में काम किए जाने की जरूरत है।

### एक जिला, एक उत्पाद योजना को लागू करने में सहयोग करेगी नाबार्ड

बैंक के अध्यक्ष ने मंत्रालय पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नाबार्ड द्वारा ग्रामीण विकास, सिंचाई, डेयरी विकास, सरदार सरोवर बांध से अधिक से जल प्राप्त करने, सौर ऊर्जा परियोजनाओं, जिला सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण सहित अन्य क्षेत्रों में सरकार के साथ काम करने की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही कहा कि एक जिला, एक उत्पाद योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने में नाबार्ड सहयोग करेगा। बैठक में नाबार्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तक मैग्निफिसेंट मावेल्स तथा नाबार्ड इन मध्य प्रदेश का विमोचन किया गया।

# राज्य ओपन बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं 16 अगस्त से होंगी



भोपाल। राज्य (मुक्त) स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 16 अगस्त से होंगी। पांचवीं व आठवीं के निजी विद्यार्थियों की परीक्षाएं 17 अगस्त से आयोजित की जाएंगी। ओपन बोर्ड ने दोनों परीक्षाओं के कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। हालांकि इस साल कोरोना के कारण सीबीएसई से लेकर मप्र बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं।इसी तर्ज पर अभिभावकों द्वारा मप्र राज्य ओपन बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा को भी निरस्त करने की मांग की जा रही थी, लेकिन ओपन बोर्ड ने परीक्षा रद नहीं की। राज्य ओपन बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि ओपन बोर्ड के विद्यार्थी नियमित नहीं होते हैं और न उनके मूल्यांकन के लिए कोई परीक्षा ली जाती है। इस कारण उनका मूल्यांकन कर रिजल्ट घोषित करना संभव नहीं है, जबकि नियमित विद्यार्थियों की तिमाही, छमाही परीक्षाएं ली जाती हैं।इस कारण ओपन बोर्ड के 10वीं व 12वीं की परीक्षा अगस्त में ली जा रही है। बता दें कि 10वीं व 12वीं की परीक्षा में करीब 10 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी 52 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ओपन बोर्ड ने परीक्षा संबंधी समय-सारिणी और दिशा-निर्देश वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं।

### दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही दिन

ओपन बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा 16 अगस्त से एक सितंबर तक चलेंगी। 10वीं की गणित विषय की परीक्षा 16 अगस्त को सुबह आठ से 11 बजे तक और 12वीं की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी।

### पांचवीं व आठवीं की परीक्षा 17 अगस्त से

राज्य ओपन स्कूल की ओर से पांचवीं व आठवीं के निजी विद्यार्थियों की परीक्षा 17 अगस्त से शुरू होगा, जो 24 अगस्त तक चलेगी। पांचवीं की परीक्षा सुबह आठ से 10ञ्30 बजे तक और आठवीं की परीक्षा सुबह आठ बजे से 11 बजे तक होगी। इसमें करीब एक हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

### संस्कृत बोर्ड के विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होगी

महर्षि संस्कृत संस्थान द्वारा पांचवीं, आठवीं, नौवीं, 10वीं एवं 11वीं के बच्चों की परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी। इनका नियमित मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। वहीं 12वीं के बच्चों का 10वीं व 11वीं के आधार पर मूल्यांकन कर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। इन सभी कक्षाओं में करीब छह हजार विद्यार्थी हैं।

ओपन बोर्ड के विद्यार्थी नियमित न होने के कारण इनका मूल्यांकन किया जाना संभव नहीं है। इस कारण इनकी परीक्षा ली जा रही है, जबकि संस्कृत बोर्ड के बच्चों की परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनका नियमित मूल्यांकन होगा। ग्रामीणों को टीकाकरण और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई

**पीआर तिवारी, निदेशक मप्र राज्य ओपन बोर्ड**

# खनिज की बंद खदानों को फेंसिंग कर सुरक्षित करें

**भोपाल ।** जिले में खाली पड़ी 30 से अधिक बंद खदानों को तार फेंसिंग कर कवर्ड कराया जाएगा। बाकी की खदानों को बीते साल ही कवर्ड कर दिया था। साथ ही ऐसी शासकीय जमीन जहां, बारिश में पानी भर जाता है और दुर्घटना होने की आशंका रहती है, वहां भी तार फेंसिंग की जाएगी। ये सभी काम 15 दिन के भीतर होंगे। इसके निर्देश शुक्रवार को संभागायुक्त कवींद्र कियावत ने दिए हैं। वे खनिज खदानों की समीक्षा कर रहे थे।कलेक्टर और एसडीएम कोर्ट में खनिज के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन से जुड़े लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें।जुर्माना व लंबित वसूली के प्रकरणों में आरआरसी जारी कर वसूली करें। राजसात अथवा संपत्ति कुर्की सहित वसूली की कार्रवाई करें। बारिश में खनिज खदानों से उत्खनन बंद कराएं। जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए ह

# बैरागढ़ में शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण के लिए फिर हटाई गुमठियां

**भोपाल।** बैरागढ़ की महत्वाकांक्षी आदर्श मार्ग योजना में शामिल चंचल रोड को चौड़ा करते हुए बेदखल फुटकर व्यवसायियों को अब पुराने बस स्टैंड से भी अपनी गुमठियां हटानी पड़ी हैं। यहां पर नगर निगम शॉपिंग कांप्लेक्स बना रहा है। कांप्लेक्स में बाधक मानकर इन गुमठियों को हटा दिया गया।नगर निगम ने चंचल रोड से हटाए गए व्यवसायियों को पक्की गुमठियां रखने की जगह पुराने बस स्टैंड पर दीथी। व्यवसायियों ने यहां मुश्किल से डेढ़ साल ही कारोबार किया कि यहां पर शॉपिंग कांप्लेक्स की योजना बन गई। कांप्लेक्स का काम तेजी से चल रहा है। इसे देखते हुए पिछले माह ही व्यापारियों को गुमठियां हटाने का अल्टीमेटम दे दिया गया था। व्यापारी स्थायी जगह की मांग कर रहे थे, लेकिन नगर निगम ने उनकी बातनहीं सुनी। निगम के अमले ने अपने वाहन से ही लोहे की गुमठियों को पुरानी सब्जी मंडी स्थित मल्टीपार्किंग के पास पहुंचा दिया।स्थाई आवंटन नहीं होने से परेशानी ञ व्यापारियों को भविष्य में मल्टीपार्किंग के पास से भी हटना पड़ेगा क्योंकि यह जगह फायर सेफ्टी के लिए सुरक्षित रखी गई थी। मल्टीपार्किंग के साथ ही यहां भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स भी है।



यदि यहां आगजनी की कोई वारदात होती है तो गुमठियों की वजह से नगर निगम की दमकलों को दिक्कत हो सकती है। व्यापारियों को भविष्य में गांधीनगर में जगह देने की बात कही जा रही है लेकिन व्यापारी इसके लिए तैयार नहीं हैं। व्यवसायी नंद किशोर डाबी एवं अनिल बेलानी का कहना है कि उन्हें शॉपिंग कांप्लेक्स में ही दुकानें दी जाएं या फिर चंचल रोड पर जगह दी जाए।

### सिंधु समाज स्कूल प्रबंधन को भी दिक्कत

मल्टीपार्किंग के पीछे ही सिंधु समाज की ओर से संचालितस्कूल है। गुमठियों को स्कूल की दीवार से सटाकर रखा गया है। समाज के महासचिव भरत आसवानी का कहनाहै कि सुरक्षा की दृष्टि से यहां गुमठियां रखना उचित नहीं है। स्कूल के कमरों की खिड़कियां भी इससे बंद हो सकती हैं। फायर सेफ्टी में भी दिक्कतें हो सकती हैं। संस्था ने नगर निगम से किसी अन्य जगह आवंटन करने की मांग की है।




**भोपाल।** प्रदेश के करीब 600 बीएड, एमएड और बीपीएड सहित अन्य पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू की जाएगी। इस बार भी मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। तीन चरणों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### एक अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएड-एमएड (तीन वर्षीय), बीएबीएड, बीएससी-बीएड आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश नीति जारी कर दी है।

# बीएड कॉलेजों में मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रवेश

बीएड व एमएड, बीपीएड आदि पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन होंगे, लेकिन दस्तावेज सत्यापन कराने के लिए विद्यार्थियों को कॉलेज में उपस्थित होना होगा। आवेदकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन एवं कॉलेजों के चयन की प्रक्रिया एक अगस्त से पांच अगस्त तक होगी। दस्तावेज सत्यापन दो से छह अगस्त तक होंगे। वहीं, प्रथम चरण में सीट आंवटन के बाद दूसरे चरण के लिए पंजीयन 21 अगस्त से शुरू होंगे। वहीं, 30 सितंबर तक तीसरे चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस बार बीएड पाठ्यक्रम के लिए विज्ञान व सामाजिक विज्ञान में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री में कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ दाखिले के लिए पात्र होंगे। वहीं इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री 55 फीसद अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस बार बीएड व एमएड की प्रवेश प्रक्रिया के लिए 156 हेल्प सेंटर बनाए गए हैं।

### यूजी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के आधार पर मेरिट सूची तैयार होगी

कोरोना संक्रमण को देखते हुए वर्ष 2020-21 में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित नहीं होने के कारण यूजी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के आधार पर मेरिट सूची तैयार होगी और प्रवेश दिया जाएगा। तृतीय वर्ष की परीक्षा आयोजित होने पर उसमें उत्तीर्ण होने पर प्रवेश को अंतिम रूप से मान्य किया जाएगा।

### द्वितीय चरण की काउंसिलिंग

शेष चरणों में रिक्त सीटों के लिए पंजीयन - 21 से 25 अगस्त तक, हेल्प सेंटर पर उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन - 21 से 26 अगस्त तक, नवीन पंजीकृत आवेदकों का बीपीएड एवं एमपीएड पाठ्यक्रम के लिए फिटनेस टेस्ट- 22 से 26 अगस्त तक, समेकित मेरिट सूची का प्रकाशन - 29 अगस्त तक, मेरिट एवं वरीयता अनुसार द्वितीय चरण में सीट आवंटन - पांच सितंबर, आवेदक द्वारा 50 फीसद ऑनलाइन शुल्क का भुगतान , पांच से दस सितंबर,दूसरे चरण के बाद कॉलेजों में रिक्त सीटों की उपलब्धता- 11 सितंबर शाम छह बजे तक

### प्रवेश शुल्क की आधी राशि का भुगतान

इस बार कोरोना के कारण ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं प्रवेश शुल्क की आधी राशि प्रवेश की प्रारंभिक प्रक्रिया के समय और शेष आधी राशि प्रवेशित कॉलेज में दो किश्तों में ऑनलाइन जमा कराई जाएगी।

### पहले चरण की काउंसिलिंग

आवेदकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन एवं शिक्षण संस्थाओं का चयन
- एक से पांच अगस्त, आवेदकों द्वारा निर्धारित हेल्प सेंटर उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन
- दो से छह अगस्त,बीपीएड एवं एमपीएड पाठ्यक्रम के लिए फिटनेस प्रोफिसिएंसी टेक्ट (निर्धारित हेल्प सेंटर पर) -दो से छह अगस्त तक,समेकित मेरिट सूची का प्रकाशन
-नौ अगस्त,मेरिट एवं वरीयता अनुसार प्रथम चरण में सीट आवंटन -
14 अगस्त,आवेदक द्वारा प्रवेश के लिए 50 फीसद शुल्क का ऑनलाइन भुगतान - 14 से 18 अगस्त तक, प्रथम चरण के बाद कॉलेजों रिक्त सीटों की उपलब्धता - 20 अगस्त शाम छह बजे तक

# हर पुरुष की सफलता के पीछे महिला का ही हाथ होता है-मुख्यमंत्री

**भोपाल।** यह सही है कि हर पुरुष की सफलता के पीछे महिला का हाथ होता है। मेरी सफलता की पीछे भी मेरी पत्नी (साधना सिंह) का बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने हर काम में मेरा सहयोग किया है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे शुक्रवार को मिंटो हॉल में आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (आइसोवा) के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने संस्था की वेबसाइट का लोकार्पण करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण मेरे जीवन का प्रमुख उद्देश्य है। सार्वजनिक जीवन की शुरुआत से ही मैं इस दिशा में काम कर रहा हूं। विदिशा सांसद रहते हुए मैंने बेटियों को गोद लिया। उनमें से एक का कन्यादान पिछले दिनों किया। कार्यक्रम में



साधना सिंह ने संस्था की ई-मैगजीन %विस्तार% का विमोचन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संकट में आइसोवा ने समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। अब संस्था अपनी वेबसाइट के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग करे, तो उन्हें अच्छा बाजार उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड़ जीते-जागते आक्सीजन संयंत्र हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को समृद्ध करें। मैं प्रतिदिन एक पेड़ लगाता हूं। मध्य प्रदेश में वृक्षारोपण के लिए अंकुर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पेड़ लगाते हुए अपना फोटो अपलोड करें। चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में आए उत्पाद शिवा स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई साड़ियों, ओम जय जगदीश हरे समूह द्वारा बनाए गए मुनगा पावडर और अन्य समूहों द्वारा बनाए गए एलोविरा-नीम पावडर आदि

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी में बैरागढ़ को प्रतिनिधित्व मिलना तय

**भोपाल ।** सिंधी समाज की जिला कार्यकारिणी में बैरागढ़ के उत्साही नेताओं को जगह मिलने की संभावना है। शाजापुर में हुई मारपीट की घटना से समाज के लोग भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं। नाराजगी दूर करने के लिए जिले की टीम में समाज के उर्जावान नेताओं को जगह मिल सकती है।हाल ही में पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंधी समाज को राजनीतिक प्रतिनिनिधित?व देने की मांग उठाई थी। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी का कहना है कि सिंधी समाज का झुकाव हमेशा भाजपा की तरफ रहा है, ऐसे में समाज की अपेक्षा भी भाजपा से अधिक रहती है। हालांकि पंचायत ने प्रारंभ से भाजपा के साथ कांग्रेस से भी उचित प्रतिनिधित्व की मांग करती आ रही है। समाज की मांग पर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नरेश ज्ञानचंदानी को हुजूर क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था। भोपाल जिला भाजपा की कार्यसमिति का गठन जल्द होने वाला है। इसे देखते हुए पंचायत ने इसमें योग्य युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने की बात कही है। बैरागढ़ से प्रवीण प्रेमचंदानी को जिला महामंत्री बनाकर पार्टी समाज की नाराजगी को दूर कर सकती है। उल्लेखनीश् है कि शाजपुर में हाल ही में हुई मारपीट की घटना में शिक्षा मंत्री के रिश्तेदारों के नाम आए थे। इस घटना के बाद सेंट्रल पंचायत ने गृह मंत्री एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रेमचंदानी को महामंत्री बनाकर डेमेज कंट्रोल कर सकती है।

### राम बंसल और राजपूत का नाम भी

भोपाल जिला भाजपा की टीम में बैरागढ़ से प्रवीण प्रेमचंदानी के अलावा राम बंसल एवं राहुल राजपूत का नाम भी है।। सिंधी समाज की ओर से प्रवीण प्रेमचंदानी का नाम है। प्रेमचंदानी विद्यार्थी परिषद एवं भाजयुमो में महत्वपूर्व पदों पर रहे हैं। उन्हें प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा समर्थक माना जाता है। राम बंसल एवं राहुल राजपूत को विधायक रामेश्वर शर्मा समर्थक माने जा

# साईंपुरम कॉलोनी के पीछे पवनपुरी क्षेत्र में भरा पानी, बच्चों के डूबने का संकट बरकरार







**कटनी।** श्रीरामजान की हनुमान वार्ड क्रमांक-18 के अंतर्गत साईं पुरम कॉलोनी के पीछे पवनपुरी क्षेत्र के एसबीएन स्कूल एवं हनुमान, परशुराम मंदिर के आस पास के रहवासियों के मकानों के पास पांनी वर्षा का भर जाता है। पास के खेत के मालिक ने नाले को बंद कर दिया है। जिससे भयंकर जलभराव हो गया है। पानी की निकासी न होने से महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है बड़े-बड़े गड्ढों में और फाउंडेशन में पानी भर जाने से बच्चों के डूबने का खतरा बना हुआ है। नगर निगम की इच्छा शक्ति हो तो वह जेसीबी भेज कर खेत के मालिक द्वारा बनाई गई ऊंची मेढ़ व लगाए गए अवरोधक कों अलग कर सारी समस्या का समाधान हो सकता है स्थानीय निवासियों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया है कि बलपूर्वक यह कार्य कराने का कष्ट करें। ज्ञातव्य हो कि पूरे रोशन नगर एवं एसकेपी कॉलोनी क्षेत्र का पानी ढाल होने से वर्षों से यहां से निकल रहा है। पानी भरे होने के कारण बच्चों वरिष्ठ नागरिकों क को में बहुत परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों पुरुषोत्तम गौतम, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, एसबीएन स्कूल के संचालक राजेश मिश्रा, वेदप्रकाश त्रिपाठी, संतोष गौतम, शिवप्रसाद गौतम, नीतू मिश्रा, अंकित मिश्रा, योगेंद्र उपाध्याय, विनीत, शुभम पटेल, रोशनी गुप्ता, धीरेन्द्र प्यासी, संजय त्रिपाठी, राजाराम रजक, मनोज गर्ग, रामकुशल तिवारी, सनत कुमार ने निगम प्रशासन से अतिशीघ्र जलनिकासी की व्यवस्था करने का निवेदन किया है अन्यथा किसी प्रकार की घटना के लिए पूरी तरह निगम प्रशासन जिम्मेदार होगा।




## बकाया करों को जमा करने वार्डवार शिविर

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने वित्तीय वर्ष 2021 .22 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों को शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ दिये जाने को दृष्टिगत रखते नगर निगम स्थित कम्प्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा नगर के विभिन्न स्थलों में संपत्तिकर की राशि जमा करानें की सुविधा हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की डयूटी लगाई जाकर शिविरों का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किये जाने के निर्देश प्रदान किये गए है। नागरिकों की सुविधा हेतु आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत 25 जुलाई 2021 दिन रविवार को बालगंगाधर तिलक वार्ड स्थित कृषि उपज मंडी के पास पुरैनी स्कूलए 26 जुलाई 2021 दिन सोमवार को बिरसा मुण्डा वार्ड स्थित कुठला थानें के सामनेंए 27 जुलाई 2021 दिन मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित पन्ना मोड पेट्रोल पम्प के पासए 28 जुलाई 2021 दिन बुद्यवार को गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड एवं चन्द्रशेखर आजाद वार्ड स्थित महादेव मेडिकल के पास ए 29 जुलाई दिन गुरूवार को जालपा देवी वार्ड आदर्श ज्ञान मंदिरए 30 जुलाई दिन शुक्रवार को रधुनाथ गंज वार्ड स्थित घंटाघरए 31 जुलाई दिन शनिवार को गुरूनानक वार्ड स्थित गर्ग चौराहाए 02 अगस्त 2021 दिन सोमवार को गुरूनानक वार्ड स्थित गजानन काम्पलेक्स के पासए 03 एवं 04 जुलाई 2021 बीण् डीणअग्रवाल वार्ड सुभाष चौक में शिविरों का आयोजन किया जावेगा। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 05 अगस्त दिन गुरूवार को वेंकट वार्ड एवं राजीव गांधी वार्ड के नागरिकों की सुविधा हेतु सत्यनारायण मंदिर के सामनें ए 06 अगस्त शुक्रवार को आचार्य विनोवा भावे वार्ड एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड हेतु दुर्गा चौकए 07 अगस्त दिन शनिवार रफी अहमद किदवई वार्ड एवं रामजानकी हनुमान वार्ड हेतु तिलक कॉलेज के पासए 09 अगस्त 2021 रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगरए 10 अगस्त श्यामा प्रसाद मुचार्जी वार्ड स्थित स्थित एनण्केण्जे बजरियाए 11 अगस्त बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनीए 12 अगस्त कावस जी वार्ड एवं फारेस्टर वार्ड के नागरिकों हेतु भरत चौकए 13 अगस्त हेमूकालाणी वार्डएआचार्य कृपलानी वार्ड एवं संत कवरराम वार्ड में नारायण बेकरी के सामनेए 14 अगस्त महाराणा प्रताप वार्ड हेतु झिझरी पुलिस चौकीए 16 अगस्त दिन सोमवार को विश्राम बाबा वार्ड स्थित पटैल मॉर्केट में शिविरों का आयोजन किया जावेगा।

## केंद्र के समान मंहगाई भत्ते की मांग

### पेंशनर संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** मप्र पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष भगवान सिंह परिहार के नेतृत्व में जिले के पेंशनरों ने गत दिवस मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा, जिसमें प्रदेश के पेंशनरों को भी केंद्र के समान 28 प्रतिशत मंहगाई भत्ता 1 जुलाई 2021 से दिए जाने आदेश जारी करने की मांग की गई है। इसके अलावा 1 जुलाई 2019 से लंबित राशि का शीघ्र भुगतान करने, केंद्र के समान एक हज़ार प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता देने 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 20 प्रतिशत की वृद्धि का दायरा कम कर 70 वर्ष किये जाने सहित अन्य मांगे ज्ञापन में शामिल है। ज्ञापन सौंपते समय संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष भगवान सिंह परिहार सहित उपाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा महा सचिव एम खान सचिव के एल कनकने प्रचार सचिव रवि चतुर्वेदी, संगठन सचिव इक़बाल हुसैन, कोषाध्यक्ष के के गट्टानी, के के उपाध्याय, आर डी गर्गएश्री खम्परिया, ज्योति प्रकाश नगरिया, मोहन लाल सोनी, सनत कुमार जैन, आर के भाटिया आदि उपस्थित रहे।





## श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर निगमायुक्त का सम्मान

**कटनी।** अभा वैश्य महापरिषद एवं विश्वकर्मा युवक विकास समिति ने सम्मान कार्यक्रम की श्रृंखला में गत दिवस नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे का श्रीफल भेंटकर सम्मान करते हुए उन्हें श्रीमद्भागवत गीता की किताब भेंट की चांदी के रुद्राक्ष की माला पहनाई। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिरूद्ध बजाज, डॉ वीरेंद्र खंपरिया, कांग्रेस नेता राजकिशोर यादव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मनोज बाझल, प्रकाश जैन, संजय गुप्ता, प्रेमलाल रजक उपस्थित रहे। इसके उपरांत आयुक्त से मांग की गई कि नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों में श्रीमद्भागवत गीता व रामायण के एक पाठ्यक्रम का पीरियड लगाया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में देश व समाज हित की भावना उत्पन्न हो सके। इस अवसर पर अमित सोनी, आलोक तिवारी, सुभाष मालाकार, अंजुला सरावगी बजाज, सपना विश्वकर्मा, राजू शर्मा, बिल्लू शर्मा, दयाराम रजक, श्रीराम कोल, कमलेश सैन, रमेश सोनी, सचि विश्वकर्मा, अक्षय बजाज उपस्थित रहे।

## जिले में 102.77 प्रतिशत वेक्सीनेशन

### 72 टीकाकरण केन्द्रों में 19 हजार 731 नागरिकों ने पहुंचकर पाया अपना सुरक्षा कवच

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा–अभियान के तहत जिले में गुरुवार को निर्धारित 72 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन के टीकाकरण के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 19 हजार 200 के विरुद्ध शाम 6 बजे तक 19 हजार 731 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। गुरुवार को वेक्सीनेशन के विशेष कैम्पेन के तहत सांय 6 बजे तक कुल 102.77 प्रतिशत वेक्सीनेशन जिले में हुआ है। अभी भी केन्द्रों में वेकसीनेशन का कार्य जारी है। जिले में वेक्सीनेशन महा–अभियान में कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 72 टीकाकरण केन्द्रों में गुरुवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवीशील्ड वेक्सीन का टीकाकरण भी कराया। गुरुवार को शाम 6 बजे तक विशेष वेक्सीनेशन कैम्प के तहत शहरी क्षेत्र में 2634, बरही में 1029, कन्हवारा में 2571, विजयराघवगढ़ में 2961, ढीमरखेड़ा में 3181, रीठी में 2463, बहोरीबंद में 3319 और बड़वारा में 1573 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया।



## 7 टीकाकरण केन्द्रों में की गई व्यवस्थाएं





**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमा क्षेत्र में 7 टीकाकरण केन्द्रों को चिन्हित किया जाकर आज टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा की मानीटरिंग में नागरिकों की सुविधों को दृष्टिगत रखते हुए टीकाकरण केन्द्रों में निगम प्रशासन की आवयश्यक व्यवस्थओं को पूर्ण काराया गया। प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा नें जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित टीकाकरण सत्र को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी कटनी, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे कटनी, आर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, ए.सी.सी हॉस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर कटनी, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, तिलक कॉलेज कटनी, में निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा निगम की संबंधित शाखओं के माध्यम से साफ सफाई, चूने की लाईनिंग, आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, कूलर, पंखे शामियानें आदि की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराया गया। वैक्सीनेशन सत्र के दौरान गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें की कार्यवाही की गई। निगम की सहयोगी संस्था द्वारा 4 टीकाकरण केन्द्रों में दो-दो पालियों के माध्यम से उपस्थित रहकर नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करनें का कार्य किया गया।



### जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर ओमप्रकाश सकतेल नियुक्त

**कटनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार एवं कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी पूर्व मंत्री ने कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर कांग्रेस नेता ओम प्रकाश सकतेल को नियुक्त किया है। ओमप्रकाश सकतेल कई वर्षो से अनुसूचित जाति के वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए कार्यरत है और कांग्रेस पार्टी में निरंतर सक्रीय भी रहे है। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने उन्हें इस आशय का नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। ओमप्रकाश सकतेल की नियुक्ति पर मिथलेश जैनए गुमान सिंह, इश्तियाक अहमद, रमेश सोनी, मनोज गुप्ता एडवोकेट, मौसूफ़अहमद एडवोकेट, अमित शुक्ला एडवोकेट, पंकज गौतम, अंकित चतुर्वेदी, आफताब अहमद आदि कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बस्तियों में पानी की निकासी के इंतजाम









**कटनी।** वर्षा के कारण नगर के विभिन्न स्थलों बाला जी नगर पुरवार स्कूल गली, गायत्री नगर पुलिया, माधवनगर में पानी भराव की शिकायत प्राप्त होनें पर निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगर के मुख्य मार्गो का निरीक्षण कर निगम के अतिक्रमण दस्ते एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को शीध्र ही वर्षाजल निकासी की व्यवस्था कर आवागमन को सुगम बनानें के निर्देश प्रदान किये गए। निर्देशों के परिपालन में निगम प्रशासन की बाढ नियंत्रण टीम के सदस्यों द्वारा स्थल पर पहुंचकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई। विभिन्न स्थलों पन्ना मोड, कुठला थाना, बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चौक ढलान, राष्ट्रीय स्कूल मैदान, मिशन चौक, जगमोहन दास वार्ड की सार्वजनिक मार्ग, गुरूनानक वार्ड बरही रोड, भट्टा मोहल्ला मार्ग, रंगनाथ नगर रोड मंगलनगर पुलिया तक, सहित उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर मुख्य मार्ग, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित सब्जी मंडी, सहित नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया।

### जलप्लावन की समस्या के निराकरण के निर्देश

अतिवृष्टि के दौरान नगर के मुख्य मार्गो में नाले नालियों में जलभराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज प्रातः निगम के क्षेत्रीय उपयंत्री एवं स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय नागरिकों के साथ जालपा देवी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल मार्ग के नालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किया जाकर राष्ट्रीय स्कूल के सामनें सहित बीच मार्ग में लगे चेंबर की सफाई करानें, नाले के अवरोधों को हटाकर पानी प्रवाह की सुगम व्यवस्था किये जानें तथा चांडक चौक मुख्य मार्ग तक के दौनों ओर की नालियों की तल्ली से सफाई कराकर पानी निकासी की सुगम व्यवस्था किये जानें के निर्देश प्रदान किये।

### नाले-नालियों की सफाई

जलभराव की समस्या से निपटनें हेतु निगम के स्वच्छता दूतों की गेंग के माध्यम से नगर के अन्य विभिन्न स्थलों इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बाला जी नगर में सार्वजनिक मार्ग में पानी भराव की समस्या के निदान हेतु पानी निकासी की व्यवस्था की जाकर नालियों की सफाई कार्य, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित प्रजापति मोहल्ला, ईश्वरी पुरा वार्ड मुख्य मार्ग, सागर पुलिया की नालियों, रधुनाथ गंज वार्ड कोतवाली थाना के सामनें तथा देना बेंक के सामनें, कावस जी वार्ड विभिन्न स्थलों के नाले नालियों, फारेस्टर वार्ड में शास्त्री चौक से भीमराव चौक एवं रंगनाथ मंदिर रोड की नालियों, द्वारका सिटी के पास चेंबर हटाकर मेन रोड की नालियों की सफाई, वंशस्वरूप वार्ड द्वारका सिटी गेट के बाहर मेन रोड के नाले की सफाई, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित सुलभ शौचालय के पास जाम नाले की सफाई, माधवनगर घनश्याम चावला जी के घर के पास सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# दीपिका-प्रवीण तीरंदाजी मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में




## दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव तीरंदाजी की मिक्स्ड डबल्स टीम स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। इन दोनों ने चीनी ताइपे की जोड़ी चिया एन लिन और चिह चुन तांग को 36-37 से हराया। भारत की तीरंदाजी टीम में वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीरंदाजी मुकाबला शुरू टोक्यो ओलंपिक में तीरंदाजी मुकाबला शुरू हो गया है। भारत की तरफ से दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में भारत की चुनौती पेश कर रहे हैं। वहीं भारतीय जोड़ी पहला सेट हार चुकी है। इसमें चीनी ताइपे की चिया एन लिन और चिह चुन तांग ने 36-35 से जीत हासिल की।

टोक्यो ओलंपिक का 23 जुलाई को रंगारंग उद्घाटन हुआ। आज खेलों के महाकुंभ का दूसरा दिन है। भारत की ओर से निशानेबाजी में अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवान ने आगाज किया। लेकिन अपने प्रदर्शन से दोनों ही खिलाड़ियों ने निराश किया। यह दोनों खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्वालीफाई नहीं कर सके। वहीं तीरंदाजी में मिक्स्ड डबल्स टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।




## भारत न्यूजीलैंड पुरुष हॉकी टीम मुकाबला

टोक्यो ओलंपिक में इस समय भारत और न्यूजीलैंड पुरुष हॉकी टीम के बीच मैच खेला जा रहा है। पहले क्वार्टर की समाप्ति के बाद दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से पहला गोल केन रसेल ने किया। वहीं भारत की ओर से रुपिंदर पाल सिंह ने गोल दाग कर भारत को बराबरी पर ला दिया।

## अपूर्वी-इलावेनिल ने किया निराश

भारत की तरफ से 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन में अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवान ने भाग लिया। इस इवेंट में भारत की तरफ से दोनों खिलाड़ियों ने सधी शुरुआत की। इलावेनिल ने 10 शॉट की पहली सीरीज में 104.3 अंक बटोरे और 24वें नंबर पर रहीं। वहीं अपूर्वी ने अपनी पहली सीरीज में 104.5 का स्कोर किया किया और वह 20वें स्थान पर रहीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने वापसी की पुरजोर कोशिश की लेकिन नाकाम रहीं। इस तरह मौजूदा वर्ल्ड नंबर 1 इलावेनिल वालारिवन और पूर्व नंबर 1 अपूर्वी चंदेला क्वालिफिकेशन मुकाबले से बाहर हो गईं।




## निशानेबाजी में भारत का पदक पक्का, फाइनल में पहुंचे सौरभ चौधरी

टोक्यो ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का पदक पक्का हो गया है। सौरभ चौधरी पुरुषों की इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए हैं। सौरभ क्वालीफिकेशन राउंड में पहले स्थान पर रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 586 अंक हासिल किए। वहीं भारत के ही अभिषेक वर्मा 575 अंकों साथ 17वें स्थान पर रहे। सौरभ चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 सीरीज में 95, 98, 98, 100, 98 और 97 अंक हासिल किए।



## हॉकी में भारत की पुरुष टीम का शानदार आगाज, न्यूजीलैंड को 3-2 से पीटा

टोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम जीत के साथ आगाज किया। अपने पहले मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए को मैच जिताने में हरमनप्रीत सिंह और श्रीजेश का खास योगदान रहा। इस दौरान दोनों टीमों की तरफ से शानदार मुकाबला देखने को मिला। पहले क्वार्टर में भारत की तरफ से पहला गोल रूपिंदर पाल सिंह ने किया था। वहीं न्यूजीलैंड की तरफ से पहले क्वार्टर में केन रसेल ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया।इसके बाद दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों की तरफ से ताबड़तोड़ हॉकी खेली गई। दोनों प्रतिद्वंदी एक दूसरे के खिलाफ गोल करने को तरसते रहे। इस दौरान भारत की तरफ से जोरदार हमला किया गया। हरमनप्रीत सिंह ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड टीम की तरफ से वापसी की पूरी कोशिश की गई। भारतीय टीम ने भी अपना आक्रमण तेज रखा। इस दौरान मिले पेनाल्टी कॉर्नर का टीम इंडिया ने पूरा फायदा उठाया और हरमनप्रीत सिंह ने एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम गोल करने की कोशिश करती रही लेकिन भारत की मजबूत रक्षा पंक्ति के आगे उसकी एक न चली। लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड के जेनेस ने मौका ताड़ा और गोल कर दिया। इस तरह तीसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड का स्कोर 3-2 रहा। इस तरह चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड से चमत्कार की उम्मीद थी। अंतिम क्वार्टर में भारत की तरफ से मनदीप सिंह ने गोल करने का एक मौका बनाया लेकिन कीवी टीम गोल बचाने में सफल रही। इस दौरान भारत की तरफ से कुछ गलतियां भी की गईं जिसके एवज में न्यूजीलैंड को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन भारत की तरफ से श्रीजेश ने अच्छा बचाव करते हुए भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। टीम इंडिया ने इस मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया।


## गोरखपुर के खिलाड़ी ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अली सई ने टोक्यो ओलंपिक 1964 में किया था कमाल



टोक्यो ओलंपिक 2020 का आगाज हो गया है, ऐसे में हम आपको टोक्यो ओलंपिक 1964 की कहानी बताने जा रहे हैं क्योंकि टोक्यो ओलंपिक 1964 गोरखपुर के लिए बहुत विशेष है। अब तक का यह एकमात्र ऐसा ओलंपिक था, जब स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में गोरखपुर का खिलाड़ी भी शामिल था। उस खिलाड़ी का नाम ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अली सई है। टोक्यो ओलंपिक 1964 में भारत से मात्र हॉकी टीम ने हिस्सा लिया था। उस समय भारतीय हॉकी टीम पर जीत का बहुत दबाव था। ऐसे इसलिए भी था कि इससे पहले रोम ओलंपिक 1960 का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया और यह मैच भारत हार गया था। वहीं 1964 में भी यही दोनों टीमें फाइनल में पहुंची थीं। भारत पाकिस्तान को हराकर पुरानी हार का बदला लेना चाहता था।अली सईद बताते हैं कि उस समय भारतीय हॉकी टीम के चयन में काफी सावधानी बरती गई थी। खिलाड़ियों को अभ्यास के बहुत मौके दिए गए। कैंप में पहले 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उनमें से 40 खिलाड़ियों को अलग छांटा गया। अंत में 18 खिलाड़ियों की टीम बनी थी। तब एस्ट्रोटर्फ नहीं था। घास के मैदान पर ही हॉकी खेला जाता था।

### भारत पाकिस्तान में हुआ था फाइनल

भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा से कड़ा रहा है। ऐसे में इस मैच के दौरान भी तनाव बहुत बढ़ गया था। खेल के मैदान में मैच के बीच कई बार अंपायरों को दखल देना पड़ा था। अंततः मोहिंदर लाल के शानदार गोल की बदौलत भारत ने वह मैच 1-0 से जीत लिया था।पूर्व ओलंपियन अली सईद ने कहा कि इस बार भारतीय टीम इतिहास को दोहराएगी। इस बार खिलाड़ियों को आखिरी क्षण तक पूरी क्षमता के साथ खेलना होगा। भारतीय टीम हर खेल में शानदार प्रदर्शन कर रही है। हॉकी समेत सभी खेलों को मेरी शुभकामनाएं।बता दें कि गोरखपुर जिले से अभी तक तीन खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा ले चुके हैं। इसमें एसएम अली सईद टोक्यो ओलंपिक 1964 में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। वह आउट साइड लेफ्ट खिलाड़ी थे। वहीं प्रेम माया मास्को ओलंपिक 1980 में महिला हॉकी टीम की सदस्य थीं। वह फॉरवर्ड की बेहतरीन खिलाड़ी थीं। उस साल कोई पदक नहीं मिला था। वहीं प्रीति दुबे रियो डी जेनेरियो 2016 ओलंपिक में महिला हॉकी टीम से खेली थीं। वह फारवर्ड खिलाड़ी हैं। इस बार चयन नहीं किया गया है।



## शिल्पा शेट्टी ने दिया पति राज कुंद्रा की सभी कम्पनियों से इस्तीफा



नई दिल्ली। राज कुंद्रा अश्लील फिल्म के कारोबार मामले में पुलिस के शिकंज में फंसते नजर आ रहे हैं।23 जुलाई को कोर्ट ने जहां उनकी पुलिस रिमांड को बढ़ाकर 27 जुलाई तक कर दिया वहीं अब इस केस में राज कि पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी रडार में आ गईं है।शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के घर शुक्रवार शाम मुंबई की अपराध शाखा के अधिकारियों ने 6 घंटे पूछताछ की।इस दौरान उनके घर की भी तलाशी ली गई। जांच से जुड़े सूत्रों से पता चला है कि अभी इस मामले में शिल्पा की संलिप्तता की जांच की जा रही है।ईटाइम्स से बात करते हुए एक सूत्र ने खुलासा किया, शिल्पा के सवालों के घेरे में आने का कारण यह है कि उन्होंने वियान इंडस्ट्रीज में निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया। चूंकि एडल्ट प्रोडक्शन और वितरण का संचालन कथित तौर पर वियान इंडस्ट्रीज द्वारा किया जा रहा था, इसलिए पुलिस ने इस मामले को देखने और यह देखने का फैसला किया कि क्या शिल्पा को कंपनी में उत्पन्न धन से किसी भी तरह से फायदा हुआ है।सूत्र ने यह भी खुलासा किया कि इसके लिए शिल्पा के बैंक खातों की भी जांच की जाएगी और क्राइम ब्रांच यह भी पता लगाएगी कि उन्होंने कंपनी के निदेशकों में से एक के रूप में कितने समय तक काम किया है।इससे पहले की रिपोर्टों में यह भी सामने आया था कि राज कुंद्रा मामले की जांच में, अपराध शाखा के अधिकारी वियान इंडस्ट्रीज में सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। उस व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, जिसने ऐप्स के लिए डिजिटल सामग्री को होस्ट करने वाले सर्वर से डेटा हटा दिया था। फोरेंसिक विशेषज्ञ भी हटाए गए डेटा को फिर से प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों से यह भी पता चलता है कि एक सट्टेबाजी कंपनी से कुंद्रा के खाते में बड़ी रकम ट्रांसफर की गई थी। प्राधिकरण जांच करेगा कि अश्लील प्रोडक्शन प्रोजेक्ट से अर्जित लाभ का उपयोग सट्टेबाजी में किया गया था या नहीं। बता दें कि राज कुंद्रा, जिन्हें पहले 19 जुलाई को अश्लील सामग्री के उत्पादन और वितरण के मामले में गिरफ्तार किया गया था, को 23 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। अब राज की हिरासत को 27 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।



## सलमान खान या सिद्धार्थ शुक्ला नहीं, बल्कि करण जौहर करेंगे शो को होस्ट

नई दिल्ली। टीवी के सबसे पॉपुलर रियालिटी शो में से एक बिग बॉस अपने 15वें सीजन के साथ दर्शकों के सामने आने वाला है। ईद के मौके पर सलमान ने शो का पहला प्रोमो लॉन्च किया था। साथ ही इस बार ये शो कुछ नया लेकर आने वाला है। दरअसल, पहली बार बिग बॉस का प्रीमियर ओटीटी पर होगा न कि चैनल पर। साथ ही ये खबरें भी आ रही थीं कि ओटीटी पर इसे सलमान खान होस्ट नहीं करेंगे।सलमान खान के बाद नाम आया बिग बॉस फेम सिद्धार्थ शुक्ला का। खबरें आईं कि सिद्धार्थ ही इस बार बिग बॉस को होस्ट करते नजर आएंगे। यह भी कहा गया कि सिद्धार्थ के साथ शहनाज गिल मिलकर शो को होस्ट करेंगे लेकिन अब यह खुलासा हो गया है कि ओटीटी पर कौन शो को होस्ट करता नजर आएगा।स्पॉटबॉय की रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर डिजिटल स्पेस के लिए सलमान खान का रियलिटी शो को होस्ट करेंगे। वूट ने हाल ही में बिग बॉस ओटीटी के प्रीमियर की घोषणा की है और शो के पहले छह हफ्ते के एपिसोड दर्शक सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। खास बात ये है कि दर्शक शो को 24ङ्ग7 देख सकते हैं। मेकर्स के इस एलान के बाद दर्शक काफी खुश हैं।तो इस बार 'बिग बॉस ओटीटी' की होस्टिंग की जिम्मेदारी फिल्ममेकर करण जौहर को सौंपी जा रही है। करण अपने शो 'कॉफी विद करण' को लेकर पहले ही चर्चा में रहे हैं। उनका यह शो काफी कामयाब रहा है। मीडिया रिपोट्स के अनुसार मेकर्स ने 'बिग बॉस ओटीटी' के लिए करण जौहर को अप्रोच किया और उन्होंने इस पर हामी भी भर दी है।बता दें कि इस बार का बिग बॉस सीजन काफी अलग होने वाला है। इस बार शो टीवी पर दिखाए जाने से पहले छह हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगा। हाल ही में एक प्रोमो के जरिए मेकर्स ने इसका एलान किया।

## एक रात की कहानी में मनोज बाजपेयी की दमदार अदाकारी, चौंका देगा नीना गुप्ता का किरदार

नई दिल्ली। अमेज़न प्राइम वीडियो पर द फैमिली मैन सीज़न 2 और नेफिलक्स पर एंथोलॉजी सीरीज़ रे के बाद मनोज बाजपेयी अब पहुंच गये हैं ज़ी5 पर, जहां एक बार फिर वो थ्रिल और सस्पेंस का ज़ोरदार तड़का लगा रहे हैं। ज़ी5 की फ़िल्म डायल 100 मनोज की अगली रिलीज़ है और इस बार उनकी साथ दे रही हैं दो और शानदार अभिनेत्रियां- नीना गुप्ता और साक्षी तंवर। मंगलवार को फ़िल्म का ट्रेलर जारी किया गया। ट्रेलर की शुरुआत पुलिस इमरजेंसी कॉल सेंटर से होती है, जहां मनोज बाजपेयी के कैरेक्टर निखिल सूद को एक महिला का फोन आता है। महिला बेटे के खोने का शोक मना रही है और अब इंसाफ़ पाने के मिशन पर है। इस महिला सीमा पलवा के किरदार में नीना गुप्ता हैं। नीना पहली बार इस फ़िल्म के ज़रिए ग्रे शेड किरदार में नज़र आएंगी। साक्षी तंवर फिल्म में निखिल सूद (मनोज बाजपेयी) की पत्नी की भूमिका में हैं, जो खुद इस झंझट में फंस जाती है। डायल 100 एक रात की कहानी है। फ़िल्म का निर्माण सोनी पिक्चर्स फ़िल्म्स इंडिया, सिद्धार्थ मल्होत्रा ??और सपना मल्होत्रा ??की अल्केमी फ़िल्म्स ने किया है, जबकि रेंसिल डिसिल्वा निर्देशक हैं। डायल 100 का प्रीमियर 6 अगस्त को ज़ी5 पर होगा। मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से ट्रेलर रिलीज़ किया। इसके बारे में मनोज बाजपेयी ने कहा- यह एक अनूठी फिल्म है, जिसमें बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न्स हैं जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेंगे।



कैंट में अनोखी चोरी


# पहले कैमरे चुराये फिर किया घर साफ

**जबलपुर।** कैंट के नेहरू नगर में बीती रात एक सूने मकान पर अज्ञात चोरों ने धाबा बोलते हुए लैपटॉप, जेवरात और घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस उस समय हैरान हो गयी जब अज्ञात चोरों ने निशानदेही का एक भी सबूत नहीं छोड़ा, यहां तक कि चोरों ने सबसे पहले उन कैमरों को निकाल लिया जिसमें उनकी फुटेज स्टोर होनी थी। हालांकि पुलिस कॉलोनी में लगे अन्य कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी हुई है। कैंट पुलिस के अनुसार नेहरू नगर में रहने वाली रोशनी बन्ने बीती रात अपने सामने वाले मकान में रहने चली गयी थी। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उसके दूसरे घर में घुसे और मेनगेट और अलमारियों का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती लैपटॉप, सोने की चैन और सीसीटीव्ही कैमरे उखाड़कर ले उड़े।

## पहचान के हो सकते है चोर



कैंट पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता किया है कि प्राईवेट रेलवे कर्मचारी के घर में चोरी करने वाले लोग आसपास के ही होंगे या फिर कोई पहचान वाले। क्योंकि जिस तरह से पहले सीसीटीव्ही कैमरे और किस कमरे में क्या रखा है, इसकी पूरी जानकारी रखने वाला व्यक्ति ही इतनी सफाई से चोरी कर सकता है।





# झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

**जबलपुर,यशभारत।** पूर्वी मध्यप्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। इसके कारण अच्छी बारिश हो रही है और आगे भी जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के दोबारा सक्रिय होने से जबलपुर में अब अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। एक जून से 22 जुलाई तक जबलपुर जिले में 13 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। घने बादलों व वातावरण में नमी आने से तापमान भी लगातार नीचे गिर रहा है। अधिकतम तापमान जहां 35 से गिरकर 30 पर आ गया है वहीं न्यूनतम तामपान भी 25 से नीचे आकर 22 डिग्री के आस-पास पहुंच गया है। समाचार लिख जाने तक कल रात से अब तक करीब 4 इंच बारिश हो चुके थी। एक जून से आज तक 330.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने यह अनुमान लगाया है। हालांकि यह स्थिति 25 और 26 को भी इसी तरह बने रहने की अनुमान है।वर्तमान में लो प्रेशर एरिया और अधिक प्रभावशाली होकर ओडिशा-बंगाल तट के पास बना हुआ है। यह समुद्र तल से करीब 5.8 किमी की ऊंचाई तक फैले चक्रवातीय गतिविधि सक्रिय है। मानसून ट्रफ अनूपगढ़, सवाई माधवपुर, झांसी, रीवा, अंबिकापुर, चायबासा से होते हुए बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र से आगे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैली है। एक Off-shore Trough महाराष्ट्र तट से उत्तरी केरल तट के समांतर सक्रिय है।

### तीन दिन रहेगी यही स्थिति

साथ ही, दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हैं। फिलहाल जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कभी तेज तो कभी रिमझिम फुहारे शहर को भिगों रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून तेजी से सक्रिय हो रहा है। वर्तमान में पश्चिमोत्तर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम की ओर झुके हुए चक्रवातीय परिसंचरण के साथ सक्रिय हो चुका है। जबकि पश्चिम विक्षोभ भी मध्योपरी क्षोभमंडल की पछुआ पवनों के बीच एक ट्रफ लाइन के रुप में सक्रिय है। जिससे जबलपुर सहित संभाग के जिलों में अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। मुंबई में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गरीब रथ, काशी और महानगरी ट्रेन रद्द कर दी गई है। रेलवे के मुताबिक मुंबई में हो रही भारी बारिश के कारण वहां पर रेल पटरियों के आसपास की जमीन में भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। इसी वजह से जबलपुर मंडल से होकर गुजरने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस, काशी एक्सप्रेस और महानगरी एक्सप्रेस का संचालन 22 जुलाई से रोक दिया गया है।

# 10 हजार के कर्ज ने ले ली वृद्धा की जान

## मां की मौत को एक दिन रोक पाया बेटा, दूसरे दिन ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**जबलपुर,यशभारत। गोरखपुर में रहने वाली एक वृद्धा की आत्महत्या को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर है। दरअसल वृद्धा एक दिन पहले आत्महत्या करने की कोशिश कर चुकी थी, लेकिन उसके बेटे ने समय रहते बचा लिया। परंतु दूसरे दिन फिर से वृद्धा रेल पटरियों के पास पहुंची और ट्रेन आते ही लेट गयी। इस की वजह से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।**

वृद्धा की आत्महत्या के मामले में पुलिस का कहना है कि उसने अपने बेटे की शादी के समय 10 हजार रुपए अपनी बहन से उधार लिए थे। जिसे वह चुका नहीं पा रही थी और इसी आत्मग्लानी के कारण उसने आत्महत्या कर ली। मदनमहल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मदनमहल थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज नरसिंह मंदिर के पास रेल की पटरियों में कटकर एक वृद्धा ने मौत को गले लगा लिया। मृतिका की शिनाख्त राजकुमारी कोरी पति स्व. राजकुमार कोरी उम्र 60 वर्ष गोरखपुर में निवास करती थी और अपने बेटे विशाल कोरी की एक साल पहले शादी करने के लिए अपनी बहन से 10 हजार रुपए उधार लिए थे। जिसे वह चुका नहीं पा रही थी।

कोई दबाव नहीं था पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि वृद्धा कर्ज के कारण तनाव में थी, लेकिन उसकी बहन ने पैसे चुकाने कोई दबाव नहीं बनाया था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह इसी चिंता में थी कि वह अपनी बहन के रुपए नहीं चुका पा रही है। जिस कारण वह एक दिन पहले भी रेल की पटरियों में आत्महत्या करने पहुंची थी, लेकिन उस दिन गनीमत यह रही कि बेटे को इस बात की भनक लग गयी और वह मां को बचा लाया।

### आज सुबह बिना बताए घर से हुई गायब

पुलिस को घटना के बाद परिजनों ने बताया कि आज सुबह जब उसने अपनी मां का कमरा देखा तो वह मौजूद नहीं थी। जिसके बाद उसने यहां-वहां देखा लेकिन जब कहीं भी उसकी मां नहीं दिखी तो वह मदनमहल रेल की पातों के बीच पहुंच गया, जहां एक दिन पहले उसकी मां मौत को गले लगाने पहुंची थी।

### मां का शव देख विहल हो गया बेटा

रेल की पातों में मां के द्वारा की गई आत्महत्या का भयानक दृश्य देख बेटे की चीखे निकल गयी। जैसे ही उसने मां का छतविक्षत शव देखा, विहल हो गया। जिसके बाद उसके परिजनों और पुलिस ने उसे सम्हाला।

# खराब मौसम से नहीं उतर सकी दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट

**जबलपुर, यशभारत।** शुक्रवार रात से जारी बारिश के कारण खराब हुए मौसम एक बार फिर यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना। जबलपुर डुमना विमान तल पर बादल छाए और बारिश होने के दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट उतर नहीं पाई। विमान ने जबलपुर में उतरने के लिए 4 बार प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाया। अंतः विमान ने आसमान में चक्कर काटने के बाद इन्हें बनारस में उतारा गया।जानकारी के अनुसार सुबह दिल्ली से जबलपुर आने वाला इंडिगो का विमान अपने तय समय 7 बजकर 30 मिनट पर आ गया था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे नीचे उतरने की अनुमति नहीं दी गई। विमान को बनारस भेज दिया गया। बाद में यह विमान 9 बजकर 30 मिनट पर बनारस में उतारा गया।मौसम सही होते ही 11.20 में जबलपुर आई फ्लाइट मालूम हो कि शुक्रवार की रात से बारिश होने की वजह से खराब हुए मौसम के कारण यह स्थिति बनी।

### 4 बार उतरने का प्रयास, बाद में बनारस में उतारा, मौसम सही होते ही जबलपुर आई फ्लाइट



### मुंबई की फ्लाईट पहुंची लखनऊ

देर रात से जारी बारिश और खराब मौसम के कारण एयरलाइंस के आवागमन पर असर पड़ा है। एक ओर जहां दिल्ली से जबलपुर आने वाली फ्लाईट दो से तीन घंटे लेट थी तो वहीं, मुंबई के विमान को भी लखनऊ में उतारना पड़ा।

# रद्दी चौकी में लाश मिलने से हड़कंप

**जबलपुर।** थाना अधारताल अंतर्गत रद्दी चौकी में शराब दुकान के सामने आज एक नग्न अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। हादसा या शराब के नशे ने युवक की जान ली है, मामले की गुत्थी सुलझाने पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, शव मिलने की खबर आज जैसे ही आग की तरह फैली, लोगों का घटना स्थल पर हुजूम लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को अलग कर, शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रद्दी चौकी में शराब दुकान के पास एक लाश मिली है। जो सलीम नामक युवक की है। जो भीख मांगकर जीवन यापन किया करता था और शराब का अत्यधिक सेवन करता था। नशे की हालत में वह नाले में गिर गया।

# मोबाइल नंबर खाते से लिंक कर धोखाधड़ी

**जबलपुर।** थाना सिहोरा अंतर्गत जालसाजी का एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है, जिसने सबके होश उड़ा दिए है। ग्राम गुरजी के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके बैंक खाते से उसका प्राईवेट मोबाइल नंबर लिंक कर, किसी ने करीब डेढ़ लाख का गबन कर दिया। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार तुलसीराम पटैल उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम गुरजी सिहोरा ने पुलिस को बताया कि उसका खाता भारतीय स्टैट बैंक शाखा सिहोरा में है। उसके खाते का एटीएम बैंक द्वारा नहीं बना है, उसका मोबाइल नम्बर खाते से पहले से लिंक है। पास बुक प्रिंट कराने पर उसे बैंक से पता चला है किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते में मोबाइल नम्बर जोड़ा गया । उसके खाते में 25 जून 2021 तक 1 लाख 28 हजार 467 रूपये थे। किसी अज्ञात के द्वारा 1 लाख 78 हजार रूपये खाते से धोखाधड़ी कर गबन किये गए। उसके खाते में 2 जुलाई 2021 को मात्र 457 रूपये बचे हैं। शिकायत जांच पर अज्ञात के द्वारा एटीएम के माध्यम से 1 लाख 78 हजार रूपये बेईमानी से धोखाधड़ी कर निकालना पाये जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

### सेंट्रल बैंक खाते से उड़ाए करीब डेढ़ लाख रुपए

### थाना सिहोरा का मामला, पुलिस जांच जारी

# 83 वाँ इंस्टॉलेशन सेरेमनी का भव्य आगाज

## पहली बार रोटरी के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता वर्चुअली शामिल हुए




रोटरी क्लब जबलपुर का आयोजन

**जबलपुर ।** रोटरी क्लब जबलपुर के 83 वे पदस्थाना समारोह का भव्य आगाज रोटरी आहूजा परिसर सिविल लाइन में हुआ । मुख्य अतिथि अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3261 सुनील फाटक, राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, कार्तिकेय शर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुई । आरआई प्रेसिडेंट शेखर मेहता वर्चुली जबलपुर की मीटिंग में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया । निर्वतमान अध्यक्ष समीर चड्ढा द्वारा अच्छे कार्यों हेतु रोटेरियनस को सम्मानित किया रोटेरियन ऑफ द ईयर अवार्ड पुनीत हांडा, एन जेम ऑफ द क्लब का अवार्ड बलदीप मैनी को प्रदान किया गया पूर्व सचिव लक्की अरोरा द्वारा नए सचिव डॉक्टर जतिन धीरावानी को पिन लगाकर रोटरी सचिव का पद भार सौंपा साथ ही साथ निर्वतमान अध्यक्ष समीर चड्ढा ने आगामी अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी सभा जनों की उपस्थिति में प्रेसिडेंट कॉलर पहनाकर वर्ष 21 22 हेतु अध्यक्ष का पद भार सौंपा अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी ने अपने कार्यकारणी के सदस्यो के नामों की घोषणा करते हुए उनके कार्यकाल में किए जाने वाले प्रमुख समाज सेवा के कार्यों की घोषणा की । नए रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष वरुण तंखा को चार्टर प्रदान करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील फाटक द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही साथ उनके द्वारा दोनो रोटरी क्लबों में शामिल हो रहे नए सदस्यों को विधिवत् रोटरी की सदस्यता प्रदान करते हुए बलदीप मैनी को रोटरी फाउंडेशन में 1 हजार डॉलर का योगदान देने हेतू धन्यवाद दिया । डॉक्टर अमरेंद्र पांडे सचिव रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर की कार्यकारणी के सदस्यो का परिचय दिया अध्यक्ष वरुण तंखा द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की वे अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के रोटरी अध्यक्ष बने है इसके पहले उनके दादा पूर्व प्रांत पाल स्व.जस्टिस राज कृष्ण तंखा द्वारा ही इस रोटरी भवन की स्थापना हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है तत्पश्चात उनके पिता विवेक कृष्ण तंखा ने भी रोटरी की सदस्यता ग्रहण की। प्रांत पाल के पद पर रहते हुए कई अतुलनीय कार्य किए उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर हमारा रोटरी क्लब प्रीमियर भी इस वर्ष सेवा के कई अतुलनीय कार्य करेगा । उन्होंने जबलपुर नगर में शीघ्र ही प्रयास कर लगभग 3 करोड़ लागत का ऑक्सीजन प्लांट थापित करने हेतु अपने प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा की उनका प्रयास रहेगा की शहर में आने वाले समय में ऑक्सीजन की कमी से कोई अनहोनी न हो पाए इस हेतु उनके द्वारा अभी से कई अस्पतालों में ऑक्सीजन कंसांट्रीटर और बायपेप मशीनों का वितरण किया प्रारंभ किया जा चुका है । न्यूज एक्स के प्रबंधक कार्तिकेय शर्मा ने भी इस वर्ष रोटरी क्लब के किए जाने वाले अच्छे कार्यों में अपनी सहभागिता देने की घोषणा की । पूर्व प्रांत पाल विवेक कृष्ण तंखा ने दोनों रोटरी क्लबों के अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा की वे चाहते है कि इस वर्ष सेवा के क्षेत्र में अपनी सोच को बड़ा करते हुए बड़े कार्यों की ओर ध्यान दें ताकि जन मानस को सेवा का उचित लाभ मिल सके उन्होंने जबलपुर और महाकोशल क्षेत्र के 15 जिलों में स्थापित किए गए रोटरी ऑक्सीजन बैंकों के बारे में बताते हुए कहा की उनका प्रयास रहेगा की अगर कोविड की तीसरी लहर आती है तो किसी को भी ऑक्सीजन कमी का सामना न करना पड़े । उन्होंने शेखर मेहता को भी धन्यवाद दिया की वे उनके आग्रह को स्वीकार कर उनके बेटे वरुण और मनु शरत् तिवारी को आशीर्वाद देने के लिए इस सभा में जूम के माध्यम से उपस्थित है । श्री शेखर मेहता ने कहा की वे विवेक कृष्ण तंखा द्वारा लगातार किए जा रहे अच्छे कार्यों से बहुत प्रेरित है उनकी इसी अच्छी सोच के कारण उन्होंने इस वर्ष भारत वर्ष में कश्मीर से कन्याकुमारी कच्छ से कोहिमा तक राहत स्वास्थ्य शिविरो को लगाने की घोषणा की तथा इस वर्ष रोटरी द्वारा 10 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न प्रदेशों में दिए जा रहे ऑक्सीजन कॉन्संट्रेट्रो का जिक्र करते हुए कई प्रदेशों में रोटरी द्वारा स्थापित किए जा रहे रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर के अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी ने कहा कि वर्ष 21-22 में 21 युवा दिव्यांगो को कृत्रिम पैर लगवाने का लक्ष्य रखा है । अध्यक्ष ने अपनी बात को विराम देते हुए कहा

घर से मंदिर मस्जिद है बहुत दूर, चलो यूँ करें किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए ।

मंच पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील फाटक, डिस्ट्रिक्ट सेकेट्री जर्नल अखिल मिश्रा, असिस्टेंट गवर्नर प्रियंका श्रीवास्तव, समीर चड्ढा, लक्की अरोरा, मनु शरत् तिवारी, डॉक्टर जतिन धीरावनी और डॉक्टर अमरेंद्र पांडे उपस्थित रहे सभा का संचालन अव बलदीप मैनी व धन्यवाद प्रस्ताव डॉक्टर जतिन धीरावानी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर गीता शरत् तिवारी एनके श्रीवास्तव लोकेश चौबे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

## कट्टा खोंसे खड़ा था पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने एक युवक का कट्टा व कारतूस के साथ दबोच लिया। थाना प्रभारी ग्वारीघाट विजय कुमार परस्ते ने बताया कि आज क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि काली मंच दुर्गा नगर के पास एक युवक अवैध रूप से देशी कट्टा अपनी पेंट की कमर मे फसा कर रखकर , कोई घटना करने की फिराक में बैठा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिस दी गयी, मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति काली मंच के पास खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम पप्पू उर्फ नितेश विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी दुर्गानगर ग्वारीघाट का बताया जो तलाशी लेने पर अपने पेंट की वायीं तरफ कमर में एक पुराना देशी कट्टा 12 बोर का खोंसे एवं पेंट की दाहिनी जेब मे 1 कारतूस रखे मिला, कट्टा एवं कारतूस जप्त करते हुये आरोपी पप्पू उर्फ नितेश विश्वकर्मा के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। आरोपी को अवैध शस्त्र के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक श्रीराम रघुवंशी आरक्षक अजय एवं क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक अजय पाण्डे, आदि की भूमिका रही।

त्रिवेदी डेंटल क्लीनिक एण्ड डेंटल केयर



जबलपुर राइट टाउन गौ माता चौक के पास त्रिवेदी डेंटल क्लिनिक में शहर वासियों के लिए डेंटल केयर का बेहतरीन विकल्प है वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी सन 1990 से लोगों की सेवा में अग्रणी है महाकौशल के साथ-साथ देश-विदेश के असंख्य मरीजों के असाध्य रोगों का उपचार किया है दर्द रहित दंत चिकित्सा एवं चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगाए हैं।

फोन- 0761-2315786 2490686

लेजर सर्जरी- अनुभवी चिकित्सक डॉ अश्विनी द्वारा पायरिया, छाले, गठान, मसूड़ों आदि का लेजर सर्जरी तकनीक से दर्दरहित उपचार किया जाता है।

ब्रेसिस- इसके द्वारा टेढ़े-मेड़े, बड़े दोतों को पंक्तिबद्ध कर आकर्षक रूप दिया जाता है।

अमेरिकन मशीन ब्लीच- दांतों में जमा पीलापन, मटमैले, बदरंग दांतों को अमेरिकन मशीन से डेढ़ मिनट में चमका दिया जाता है।

जिरकोनिया- इसके द्वारा ब्रिज व क्राउन लगाया जाता है।

रूट केनाल- दोतों में कीड़े लगना, दाढ़ का खोखला होना जैसे तमाम परेशानियों में रूट केनाल ट्रीटमेंट से छुटकारा मिल जाता है।

इम्प्लांट- इस पद्धति से फिक्स दांत लगाकर आप पूर्व की भांति खाना खा सकते हैं।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )